RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

# दैनिक सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, शनिवार ●24 फरवरी , 2024 वर्षः-11 अंक - 297 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## सऊदी अरब के 'मिशन 2030' में भारत सबसे अहम

### रिझाने के लिए दे रहा फ्री वीजा, अन्य क्षेत्रों पर भी फोकस

रियाद (एजेंसी)। तेल के कुओं के लिए दुनियाभर में मशहूर गल्फ कंट्री सऊदी अरब मिशन 2030 की तरफ लगातार आगे बढ़ रहा है। अपनी अर्थव्यवस्था में तेल और गैस पर निर्भरता कम करने के लिए रियाद ने अन्य क्षेत्रों पर भी फोकस करना शुरू कर दिया है। पिछले तीन साल से सऊदी अरब पर्यटन पर काम कर रहा है। उसने अर्थव्यवस्था में तेल के विकल्प के तौर पर्यटन को आगे रखने का फैसला लिया है। इसके लिए उसकी पहली पसंद हैं- भारतीय। इसके लिए सऊदी अरब का लक्ष्य है कि साल 2030 तक उसके देश में कम से कम 7.5 मिलियन भारतीय पर्यटकों की आवक हो। भारतीयों को रिझाने के लिए वह लगातार विभिन्न कार्यक्रम भी लॉन्च कर रहा है- जिसमें फ्री वीजा भी शामिल है। सऊदी पर्यटन प्राधिकरण के अध्यक्ष अलहसन



अलदाबाग ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा कि हमने सऊदी अरब को पर्यटन के क्षेत्र में आगे करने के लिए भारतीयों पर खास फोकस किया है। हमारा लक्ष्य है कि साल 2030 तक भारत के 7.5 मिलियन लोग देश का दौरा करें। उनका कहना है कि सऊदी अरब में तेल के कुएं तेजी से खत्म होते जा रहे हैं, इसलिए जल्द ही उन्हें अर्थव्यवस्था के अन्य विकल्पों पर भी ध्यान देना होगा। देश की अर्थव्यवस्था पर तेल की निर्भरता कम करनी होगी। रियाद ने आगामी वर्ष 2030 तक लक्ष्य रखा है कि उसकी जीडीपी में 56 फीसदी योगदान गैर तेल संसाधनों से आए। इसके लिए रियाद की सबसे पहली और आसान चॉइस है- पर्यटन। देश को पर्यटन की दृष्टि से लोकप्रिय और विदेशियों की पसंद बनाने के लिए सऊदी अरब न सिर्फ अपने देश के कानूनों में विदेशियों के लिए ढिलाई देने को राजी है बल्कि, 96 घंटे तक फ्री वीजा की योजना भी शुरू करने जा रहा है।

## ममता बनर्जी क्या कर रहीं, यहां दिख नहीं रहा!

### संदेशखाली की पीड़िता का छलका दर्द, बयां की हकीकत

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पिछले कुछ दिनों से इसी मुद्दे पर बीजेपी और ममता सरकार आमने-सामने हैं। संदेशखाली में रहने वाली कई पीड़ित महिलाएं अपनी दर्दभरी कहानी सुना चुकी हैं। एक और महिला ने ममता बनर्जी से सवाल पूछते हुए कहा है कि क्या उन्हें यहां जो भी हो रहा है, वह दिखाई नहीं दे रहा। क्या वह अंधी हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए संदेशखाली की एक पीड़ित महिला ने कहा, हमने कई बार शिकायत की



लेकिन कुछ नहीं हुआ, यहां की पुलिस बंगाल के लोगों के लिए नहीं है। ममता बनर्जी क्या कर रही हैं। क्या वह नहीं देख सकतीं कि यहां क्या हो रहा है। क्या वह अंधी हैं। वह अंधी हैं। वह हजार रुपये देकर मोलभाव करने की कोशिश कर रही हैं, हम ऐसा नहीं चाहते। हम केवल सम्मान और शांति चाहते हैं। हम अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली इलाके में पिछले 10 दिनों से अधिक समय से बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखे जा रहे हैं। वहां रहने वाली बड़ी संख्या में महिलाएं टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों द्वारा किए गए कथित अत्याचारों के खिलाफ न्याय की मांग कर रही हैं। कई महिलाओं ने आरोप लगाया है कि टीएमसी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर सर्वे करते हैं और कोई खूतसूरत महिला या लड़की मिलती है तो उसे उठा ले जाते हैं। इसके बाद वे महिला को तब तक रखते थे, जब तक संतुष्ट नहीं हो जाते।

## एसपी और एएपी से करार ममता बनर्जी का इंतजार!

### चर्चा को तैयार हुई कांग्रेस,अब झुकने लगी है पुरानी पार्टी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस की समाजवादी पार्टी के साथ उत्तर प्रदेश में सीट शेयरिंग पर मुहर लग चुकी है। गुरुवार को खबरें आईं कि आम आदमी पार्टी के साथ दिल्ली में भी बात बनने के करीब है। इसी बीच कहा जा रहा है कि अब कांग्रेस ने महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे से भी बातचीत की तैयारी की है। इसके अलावा पार्टी पश्चिम बंगाल में सीटों का नया गणित भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने पेश कर सकती है। हालांकि, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल को लेकर कांग्रेस की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, नेशनल कांग्रेस के फारुक अब्दुल्ला के अलग होने के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया की गाड़ी पटरी से उतरती नजर आ रही थी।



## घर में महिलाओं के योगदान को पैसे में नहीं तोल सकते

- सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला, कहा- महिलाओं का योगदान अव्वल

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने घर की महिलाओं और उनके काम को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि होममेकर्स की आय को न्यूनतम मजदूरी कानून के तहत तय इनकम से कम नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि घर की महिलाओं का जो घर में योगदान है वह अमूल्य और बेहद अहम है। दरअसल, कोर्ट सड़क हादसे की शिकार एक महिला को मोटर वीइकल एक्ट के तहत दिए गए मुआवजे को बढ़ाने का आदेश देते हुए ये बातें कहीं। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि होममेकर्स का जो घर में योगदान है उसका आंकलन पैसे के तौर पर करना बेहद कठिन है।



### बाबा सिद्दीकी का बेटा बोला

## कांग्रेस मुस्लिमों से भेदभाव करती है

- राहुल से मिलने के लिए मुझे 10 किलोग्राम वजन घटाने को कहा गया

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद जीशान सिद्दीकी ने गुरुवार (22 फरवरी) को कांग्रेस पर हमला बोला। जीशान ने दावा किया कि राहुल गांधी से मिलने के लिए उन्हें 10 किलो वजन घटाने के लिए कहा गया था। जीशान बांद्रा ईस्ट से विधायक और वर्तमान में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे हैं। बाबा सिद्दीकी ने 8 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। उन्होंने अजित पवार की एनसीपी जॉइन की थी। कांग्रेस ने 21 फरवरी को जीशान को मुंबई यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटाया था। इसको लेकर जीशान सिद्दीकी ने कांग्रेस पर हमला बोला। जीशान ने कहा- राहुल के एक करीबी ने मुझसे कहा कि अगर उसने मिलना है तो वजन कम करना होगा।



# खुद के होश ठिकाने नहीं यूपी को कह रहे नशेड़ी

### पीएम मोदी का राहुल गांधी पर बड़ा हमला

### कहा- यूपी का नौजवान नशेड़ी नहीं वह तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है

बनारस (एजेंसी)। वाराणसी से सांसद बनने के बाद 44वीं बार काशी के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निशाने पर कांग्रेस रही। काशी की धरती से जनता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कुछ लोगों ने मोदी को गाली देते-देते पूरा एक दशक बिता दिया है। राहुल गांधी का बिना नाम लेते हुए पीएम मोदी बोले- जिनके होश ठिकाने नहीं हैं, वह यूपी और काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। उन्हें नहीं पता है कि यूपी का नौजवान नशेड़ी नहीं वह तो विकसित यूपी बनाने में जुटा है। पीएम मोदी ने इस दौरान इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। अखिलेश यादव की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा, इंडी गठबंधन द्वारा यूपी के नौजवानों का काम कोई नहीं भूलेगा। परिवारवाद युवा हमेशा परिवारवादी युवा शक्ति से डरते हैं। सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगी।



### 10 साल में बनारस ने हमें बना दिया बनारसी

काशीवासियों को को दुग्ध डेयरी के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 10 साल पहले बनारस ने हमे सांसद बनाया और अब 10 साल बाद बनारस के लोगों ने हमे बनारसी बना दिया है। उन्होंने कहा, बिना बनारस आए मन नहीं भरता। काशी और पूर्वांचल में कुछ भी अच्छा होता है तो मुझे आनंद आता है। उन्होंने कहा, 10 साल में बनारस के विकास की स्पीड बढ़ी है। बनास डेयरी को लेकर पीएम मोदी ने कहा, मैंने 10 साल पहले बनास डेयरी का शिलान्यास किया था, आज उसका उद्घाटन हो गया है। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी आपके सामने है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी का मतलब गारंटी की गारंटी है। उन्होंने कहा, बनास डेयरी से पूरे पूर्वांचल को फायदा होगा। इससे पशु पालकों की कमाई ज्यादा होगी।

## अब किसानों की ढाल बनेंगे 'निहंग' सिख

### दिल्ली कूच पर अड़े आंदोलनकारियों का देंगे साथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। हाथ में भाला और ढाल, सिर पर पगड़ी और आंखों में तेज! ऐसी ही कुछ निहंग सिखों की पहचान है। दिल्ली कूच को अड़े किसानों के आंदोलन में अब निहंग सिखों ने भी हिस्सा लेने का फैसला किया है। पंजाब, हरियाणा के कई किसान संगठनों ने 13 फरवरी से एमसएपी और कर्ज माफी सहित कई मांगों को लेकर मोर्चा खोला है। दिल्ली में प्रवेश करने से पहले किसानों की रोजाना पुलिस से झड़प होती रहती है। वहीं अब निहंगों ने किसानों की ढाल बनने का फैसला किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, निहंगों में से एक शेर सिंह ने सिखों के आध्यात्मिक नेता का जिक्र करते हुए कहा, गुरु गोबिंद सिंह ने उपदेश दिया है कि सिखों को अन्याय और उत्पीड़न से लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। अगर इन प्रदर्शनकारियों को आधी रात में भी किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है तो हमें तैयार रहना होगा। उल्लेखनीय है कि निहंगों ने 2021 में पूरे साल चले किसानों के इसी तरह के आंदोलन में भाग लिया था। एक अन्य निहंग राजा राम सिंह ने कहा, किसानों पर अत्याचार किया जा रहा है... सरकार यह न सोचे कि वे किसानों को डरा सकते हैं... यह पंजाब है और हम किसानों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।



## सड़क निर्माण मानदंडों के अनुरूप होना चाहिए

### राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने मापी सड़क निर्माण की थिकनेस

भोपाल। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने सड़क निर्माण के ठेकेदार को हिदायत दी कि निर्माण कार्य निर्धारित मानदंडों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने जुबली गेट से अयोध्या बायपास फोर लेन पर हो रहे डामरीकरण की समक्ष में थिकनेस की माप भी कराई। उन्होंने कहा कि सड़क टिकाऊ रहे, इस बात का निर्माण के समय पूरा-पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण की मॉनिटरिंग कर रहे लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को कहा कि गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जा सकता। श्रीमती गौर शुक्रवार को पिपलानी क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रही थीं। श्रीमती गौर ने मौके पर मौजूद पार्षद और स्थानीय नागरिकों से कहा कि वे निर्माण कार्यों पर नजर रखें। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में जहां कहीं भी प्रथम दृष्टया कार्य की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाई जाए, वहां की जानकारी दें।



### मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से की दूरभाष पर चर्चा

## आवेदक नवीन माथु को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश

- उज्जैन स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कमांड एंड कंट्रोल रूम में प्राप्त सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी ली और उनके निराकरण की स्थिति भी देखी। इस दौरान उन्होंने रेंडमली चयन कर सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव को ग्राम पंचायत अजीमाबादपारदी निवासी सुनैना ने बताया कि उनकी बेटी को लाडली लक्ष्मी योजना की राशि प्राप्त नहीं हो रही हैं। उन्होंने सुनैना को आश्वत किया कि शिकायत के निराकरण के साथ ही आपको हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्राम पंचायत अक्याजस्सा निवासी नवीन माथु ने बताया कि उनके पिताजी पैरालिसिस की समस्या से पीड़ित है। बैंक द्वारा उनका खाता भी बंद कर दिया गया है जिनसे उन्हें राशि निकालने में समस्या हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नवीन माथु से कहा कि आपकी समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव आवेदक नवीन माथु से स्मार्ट सिटी कार्यालय में मिले और विस्तार से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नवीन को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए। सहायता राशि को लेकर नवीन माथु ने मुख्यमंत्री का आभार माना।



## साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, मरीजों को बेहतर इलाज दिलाएं: जायसवाल

भोपाल। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा चिकित्सा महाविद्यालय, शहडोल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालयों में समुचित साफ-सफाई नहीं दिखाई देने पर राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कॉलेज प्रबंधन को निर्देश दिए कि संपूर्ण कॉलेज परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि कॉलेज के अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज दिलाया जाए। मरीजों के साथ पूरी संवेदनशीलता बरती जाए और सबसे सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज से मरीज पूर्णत: स्वस्थ और प्रसन्न होकर हंसते हुए जाएं, ऐसे प्रयास किये जाने चाहिए। राज्यमंत्री ने यहां विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से भी आत्मीय संवाद किया।



# लोकसभा चुनाव के लिए तैनात हो रहे प्रवासी कार्यकर्ता

### पिछले तीन चुनावों का रिजल्ट देकर बीजेपी तैयार कर रही लोकसभा में जीत की रणनीति

भोपाल। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा हर बूथ पर 51 प्रतिशत वोट शेयर के टारगेट की रणनीति पर काम कर रही है। पिछले तीन विधानसभा और लोकसभा चुनावों के रिजल्ट का एनालिसिस कर पार्टी ने यह पॉलिसी बनाई है। पार्टी ने टोली और मंडल टोली भी बनाई है। यहां प्रवासी कार्यकर्ताओं को तैनात किया जाएगा, जो क्षेत्र में जाकर संपर्क करेंगे। संगठन के कामों में सुधार कराएंगे। इससे पहले, 2023 के मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी ने यही रणनीति अपनाई थी। इसमें भी हर बूथ पर 51 प्रतिशत वोट हासिल करने का टारगेट तय किया था।

### प्रवासी कार्यकर्ताओं की बूथों से कराई जा रही मैपिंग




चुनाव को देखते हुए बीजेपी दूसरे राज्य, जिले और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को अलग-अलग स्तर पर जिम्मेदारी दे रही है। प्रदेश चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी से लेकर बूथ स्तर तक प्रवासी कार्यकर्ता तैनात किए जा रहे हैं। जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। जिलों में जिला योजना बैठकें कराई गई हैं। इनमें मंडल की टोली के साथ को-ऑर्डिनेशन के साथ काम करने के साथ ही जिला टोली को सपोर्ट करने के लिए कहा गया है। मंडल समिति से समन्वय के साथ प्रवासी कार्यकर्ताओं की सूची बनाई जा रही है। हर गांव और नगरीय बूथ में एक संयोजक और प्रवासी कार्यकर्ता की बूथ के अनुसार मैपिंग करना।

### अलग-अलग वर्गों से करेंगे संपर्क

प्रवासी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक नजरिए से भी टॉस्क दिए गए हैं। इसके तहत, प्रवासी कार्यकर्ताओं को पंचायत, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, जनसंघ काल और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए नए लोगों से मिलेंगे। युवा संपर्क- स्कूलों में जाकर शिक्षकों, छात्रों, प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और छात्र नेताओं से मिलना। महिला संपर्क- स्व-सहायता समूह, स्थानीय सरकारी कर्मचारियों जैसे आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से भेंट करना। व्यावसायिक संपर्क- किसानों के समूह, व्यवसायी वर्ग से भेंट करना। सामाजिक व लाभार्थी संपर्क- अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के सदस्यों और योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करना।

## संक्षिप्त समाचार

### दो आदतन अपराधी 06-06 माह के लिए जिलाबदर

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी नीलेश शिल्पकार पिता प्रेमनारायण शिल्पकार निवासी श्यामनगर बेगमगंज थाना बेगमगंज जिला रायसेन को चार 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2015 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 05 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी भगत सिंह राजपूत पिता रघुनाथ सिंह राजपूत निवासी ग्राम तिजालपुर थाना गैरतगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2007 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 13 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी नीलेश शिल्पकार और आरोपी भगत सिंह राजपूत को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 06-06 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

### किसान भाई फसल कटाई के बाद नरवाई न जलावें

**हरदा (निप्र)।**1 उपसंचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग श्री संजय यादव ने जिले के किसानों से अपील की है कि फसल कटाई के बाद खेत में बचे शेष अवशेष अर्थात नरवाई को नही जलावें। नरवाई को आधुनिक कृषि यंत्रों से मृदा में अपघटन करें, जिससे मृदा की उर्वरता एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी। उपसंचालक श्री यादव ने कहा कि जिले में रबी फसलें सुखकर कटाई के लिए तैयार हो रही है। किसान भाई मजदूरों से या हार्वेस्टर से कटाई करवा रहें हैं। खेत में बिजली केबल, तार और ट्रांसफार्मर से फसल में आग लगने की आशंका रहती है। उन्होने जिले के किसानों से अपील की है कि फसल को खेत से खलिहान तक लाने, ले जाते समय रास्ते में बिजली के तार और केबल का विशेष ध्यान देवें। उन्होने किसानों से अनुरोध किया है कि, खेत में लगे ट्रांसफार्मर के आसपास फसल को काट दें, जिससे की किसी पक्षी या जानवर या अन्य किसी कारण से लाइट ट्रिप के दौरान गिरने वाली चिंगारी से आपकी फसल सुरक्षित बच सके तथा राहगीर को फसल के आस-पास सिगरेट या बीड़ी पीने से रोकें।

### फरार आरोपी पर 1 हजार रूपये का इनाम घोषित

**हरदा (निप्र)।** पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे ने थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 559/23 के प्रकरण में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये इनाम घोषित किया है। उन्होने फरार आरोपी राजकुमार उर्फ लंगड़ा निवासी सामरधा मोहल्ला सोडलपुर थाना टिमरनी की सूचना देने वाले को 1 हजार रूपये का इनाम देने की घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी जो कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये जरूरी सूचना पुलिस को देगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का होगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा।

### एनसीसी ग्रुप कमांडर ने किया निरीक्षण

**विदिशा (निप्र)।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा में एनसीसी ग्रुप कमांडर भोपाल के ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 14 एमपी बटालियन विदिशा के कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल एस. छिब्बर महाविद्यालय में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनिता प्रजापति ने अतिथियों को पौधा भेंट कर तथा एनसीसी कैडेट्स ने सैल्यूट और परेड के साथ ग्रुप कमांडर का स्वागत किया।

# उमेशनाथ महाराज ने सभी धर्मों के लोगों को जागृत करने का कार्य किया - डॉ. मोहन यादव



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन की पताका फहरा रही है। सनातन की पताका फहराने का सबसे बड़ा प्रमाण उज्जैन से मेरे जैसे कार्यकर्ता का मुख्यमंत्री और बालयोगी उमेश नाथ महाराज का राज्यसभा सांसद बनना है। उमेशनाथ महाराज के राज्यसभा का सदस्य बनने के पीछे बीजेपी की सनातन संस्कृति की विचारधारा प्रमुख है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन में पार्टी के नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य बालयोगी उमेशनाथ महाराज के स्वागत व सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उमेशनाथ महाराज का पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम को नगर अध्यक्ष विवेक जोशी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला, विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा, विधायक सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल ने भी संबोधित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा जब उमेशनाथ महाराज का नाम राज्यसभा के लिए पार्टी प्रत्याशी के रूप में तय हो रहा था, तब मैं महाराज जी से मिला और कहा कि आप राज्यसभा सदस्य बनने के लिए पार्टी का, हमारा सबका निवेदन स्वीकार करें। महाराज जी ने कहा मेरा रास्ता अलग है। मैं संन्यासी हूं, लेकिन आप सब की समाज सेवा और सनातन के सेवा को देखते हुए मैं आपके राज्यसभा सदस्य बनने की प्रस्ताव को स्वीकार करता हूं। महाराज के जीवन को देखें तो उन्होंने समरसता का और सभी धर्म के लोगों को जागृत करने का काम पूरे देश में किया हैं। वर्ष 2016 के उज्जैन सिंहस्थ के दौरान जब स्नान की बारी आई तो महाराज ने प्रस्ताव दिया कि सभी संत वाल्मीकि घाट पर स्नान करें। इस प्रस्ताव को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित सभी ने स्वीकार किया और वाल्मीकि घाट पर स्नान किया, वह अद्भुत पल था।

**जो दायित्व मिला है उसे मन-वचन व कर्म से उसे निभाऊंगा - उमेशनाथ महाराज**

उमेशनाथ महाराज ने कहा जब भी भगवान महाकाल किसी को कोई जिम्मेदारी सौंपते हैं तो वे स्वयं उस कार्य को निभाते हैं। मेरे जीवन के 60 वर्ष साधु और संन्यासी जीवन में बीत गए हैं। अब मुझे यह दायित्व मिला है तो मैं सत्य-निष्ठा, मन-वचन और कर्म से उसका निर्वहन करने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे राज्यसभा का सदस्य बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊंची सोच और सर्वधर्म समभाव, सर्वस्पर्शी विचार को प्रदर्शित करता है। हम सब मिलकर राष्ट्र के निर्माण में जुटेंगे। राज्यसभा सांसद के रूप में एक बड़ी जिम्मेदारी मुझे मिली है, जिसका निर्वाह मैं सभी के सहयोग से करूंगा। मैं प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे लोकतंत्र के मंदिर में भेजा।

## मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ 25 प्रतिशत तक बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई जायेगी

**सीहोर (निप्र)।** राज्य सरकार उद्योगों की समस्याओं के समाधान और नए उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस प्रक्रिया अपनाएगी तथा उद्योगों के हित में तेजी से फैसले लिए जाएंगे। मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई जायेगी। सूक्ष्म और लघु-मध्यम उद्योगों को सशक्त बनाने, लीज डीड, भूमि आवंटन, ऊर्जा, राजस्व, नगरीय विकास, औद्योगिक प्रोत्साहन एवं निवेश से संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप राज्य स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक को संबोधित कर रहे थे। राज्य सरकार संभाग तथा अंचलों में जाकर उद्योगों के विस्तार, संसाधनों और समस्याओं को पहचान कर तेजी से निर्णय लेकर युवाओं, महिलाओं, नव उद्यमियों को स्टार्टअप, कलस्टर आदि के माध्यम से उद्योगों का जाल बिछाया जाएगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं और महिलाओं को उद्योग संवर्धन के लिए विभाग के पास आई सभी अनुशंसाओं पर शीघ्र निर्णय लेकर लागू किया जाएगा। उन्होंने उद्योग संघों से अपील की है कि वे बदलाव आदि के प्रस्ताव पूर्ण शोध के साथ प्रस्तुत करें। एमएसएमई विभाग के सचिव श्री पी. नरहरि ने बताया कि मध्यप्रदेश की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ देश के औसत के मान से 17 फीसदी है, जिसे उद्योगों के सहयोग से 25 प्रतिशत किए जाने के प्रयास होंगे।

## पक्की छत पाकर हितग्राही का परिवार योजना की प्रशंसा कर रहे



**विदिशा (निप्र)।** हितग्राही श्री नन्नू लाल मालवीय के परिवार के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाने का कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना ने किया है यह कहना है उनके परिवार के सदस्य गणों का। हितग्राही श्रीमती सावित्रीबाई मालवीय ने बताया कि वह और उनके परिवार विदिशा नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक एक चिरोल वाली माता मंदिर क्षेत्र में निवासरत हैं बरसों से वह कच्चे मकान में निवास कर रहे थे। कच्चे मकान में होने वाली परेशानियों से सभी बखूबी अवगत हैं लेकिन हितग्राही के पास पक्का मकान के निर्माण के लिए इतनी धनराशि नहीं थी फिर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना तहत जब किस्तों के माध्यम से राशि मिली और आज जब उनका पक्का मकान बनाकर तैयार हुआ है तो उनके चेहरे पर एक अलग ही प्रसन्नता झलक रही है परिवारजन योजना का लाभ लेकर बहुत खुश हैं इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। हितग्राही के परिवारजन कहते हैं कि प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई आवास योजना गरीबों के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाने का कार्य कर रही है पक्का मकान बन जाना अपने आप में ही एक बड़ी उपलब्धि है पक्का मकान बन जाने से सर्दी और बारिश के मौसम में होने वाली परेशानियों से निजात मिल गई है।

**पीएम जनमन योजना ने ग्राम बागरी के सहरिया परिवारों के जीवन में बिखेरीं खुशियां :** पीएम जनमन योजना विदिशा जिले के सहरिया जनजाति परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है इस योजना तहत चिन्हित विभिन्न योजनाओं का लाभ अब विदिशा के सहरिया समुदाय के लोगों को मिल रहा है। सहरिया समुदाय के उत्थान के लिए जारी कार्यों की प्रशंसा करते हुए ग्राम बागरी की रहने वाली लक्ष्मी आदिवासी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा जनमन योजना से हम आदिवासी सहरिया समुदाय के लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं योजना में चिन्हित सभी योजनाएं हमारे उत्थान के लिए जिला प्रशासन द्वारा क्रियान्वित की गई हैं जिसका लाभ हमें मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के साथ-साथ जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।



## पीएम जनमन से हितग्राहियों को लाभंवित कराने हेतु शिविरो का आयोजन

**विदिशा (निप्र)।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान पीव्हीटीजी मिशन के तहत जिले के पात्रताधारी हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण सुनिश्चित हो इसके लिए कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में सहरिया जनजातीय बाहुल्य बस्तियां, ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत बागरी में आयोजित इस प्रकार के शिविर में मौके पर अनेक हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है। शिविर का विधिवत् शुभांरभ विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। शिविर को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री टण्डन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप जिले में चिन्हांकित सहरिया जनजाति नागरिकों को उन तमाम सुविधाओ का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाना है जो पीएम जनमन की मंशा है। उन्होंने कहा कि हितग्राहियो को गांव में ही शासन की चिन्हित 11 सेवाओं का लाभ प्राप्त हो इसके लिए पूर्व सर्वे में चिन्हित हितग्राहियों को संबंधित सामग्री से लाभांवित किया जा रहा है। विधायक श्री टण्डन ने स्थानीय सहरिया जनजाति समुदाय के नागरिकों से आव्हान किया कि वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर मुख्य धारा में जुड़े ताकि विदिशा जिले में कोई भी समुदाय आर्थिक रूप से पिछड़ ना पाए। उन्होंने आदिवासी भाईयों के पुर्नत्थान हेतु संचालित योजना व कार्यक्रमों को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम को विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री वीर सिह रघुवंशी ने भी शिविर का सम्बोधित किया।

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने पीएम जनमन मिशन के उद्धेश्यो को रेखांकित करते हुए योजनाओं से शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाना है उन्होंने विभिन्न योजनाओं और पीएम जनमन योजनाओं के मध्य आर्थिक अनुपात को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले के सभी सहरिया जनजाति समुदाय के नागरिकों के पुर्नद्वार संबंधी कार्य कराए जाने है और यह सब कार्य स्थानीय रहवासियों की मांग के अनुरूप संपादित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समुदाय क्षेत्र में हितग्राहियों को स्वीकृत किए गए आवासो के निर्माण हेतु किए गए प्रबंधो का जायजा लिया वहीं शिविर में जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पीएम जन धन योजना, आधार कार्ड एवं शत प्रतिशत हितग्राहियों की समग्र आईडी बनाने का कार्य किया गया है वहीं जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय करने की प्रक्रिया क्रियान्वित की गई है। ग्राम पंचायत बागरी के आजाद नगर में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री जनमन आवास के तहत बागरी के 39 आवास स्वीकृत पूर्व में हो चुके थे।

## मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ



**विदिशा (निप्र)।** मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन हेतु आज विदिशा के रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम भवन में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट समेत अन्य अधिकारियों के द्वारा पूजन-अर्चना कर किया गया। जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं के संबंध में आयोजित उक्त उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने कहा कि सभी अपने कार्य क्षेत्र के बाकी सारे सेवा प्रदाताओं को भी प्रशिक्षित करें जिससे जन समुदाय को इसका लाभ मिल सके। मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं के संबंध में सेवा प्रदाताओं को स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मूखी करण कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें मास्टर ट्रेनर आईआई टी बॉम्बे के कंसलटेंट डॉ. देवजी पाटिल एवं स्टेट न्यूट्रिशियन कंसलटेंट द्वारा मातृ शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण को कम करने हेतु सेवा प्रदाताओं का स्वास्थ्य एवम पोषण सुधार के क्षेत्र में क्षमता वर्धन प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रसव की सावधानियां, शीघ्र स्तन पान, स्तनपान का सही तरीका, शरीर में पोषक तत्वों की आवश्यक मात्रा कितनी होनी चाहिए अपनाकर कैसे हम शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण को कम कर सकते हैं से अवगत कराया गया।



## नल जल योजना का कार्य समय सीमा में पूर्ण करें

**हरदा (निप्र)।** कलेक्टर श्री आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बुधवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि सभी नल जल योजनाओं का कार्य समय सीमा में पूर्ण करें, जहां कार्य की प्रगति का प्रतिशत कम है, वहां सतत मॉनिटरिंग कर समय सीमा में कार्य पूर्ण करावें। सभी अधिकारी मिशन मोड में कार्य करें। स्कूल, आंगनवाड़ी व मतदान केन्द्रों में पेयजल संबंधी व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित सिसोनिया, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्री पवनसुत गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री संजय त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उन्होने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने क्षेत्र में खूले हुए बोर अथवा सूखे बोर को बंद करायें। उन्होने निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में ओपर बोरवेल पाये जाते है, वहां के इंजीनियर की जवाबदारी निर्धारित की जायेगी। उन्होने निर्देशित किया कि सभी हेण्ड पम्प के पास सोक्ता पिट बनाये जायें।

# सशक्त समाज और सशक्त देश के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरुरी : कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह



**सीहोर (निप्र)।** सशक्त समाज और सशक्त देश के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है। महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक महिला सशक्तिकरण योजनाएं चलाई जा रही है। यह बात कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने सीहोर के समूह लघु उद्योग परिषद का निरीक्षण करते समय महिलाओं से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। महिलाओं के कौशल और उनकी क्षमताओं को देखते हुए स्वसहायता समूह द्वारा अनेक छोटी-छोटी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।कलेक्टर श्री सिंह ने समूह लघु परिसर सीहोर के तहत संचालित दीदी सोप, सिलाई सेंटर, केटरिंग सर्विस, लखपति सीआरपी दीदी ट्रेनिंग आदि गतिविधियों को देखा और दीदीयों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की । उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षणरत लखपति दीदी इनिशिएटिव के तहत तीन ब्लाक के मास्टर ट्रेनर्स दीदीयो से जानकारी ली । कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगामी 2 वर्षों में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है । जिसमें सीहोर जिले को 23500 दीदीयों को लखपति बनाए जाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए जिले में कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। समूह की दीदीयों ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत 80 से 90 दीदीयों का चयन कर उनकी गतिविधियों की मैपिंग की गई और संचालित गतिविधियों में सहयोग और नवीन गतिविधियों का चिन्हांकन, स्किल ट्रेनिंग एवं विभागीय गतिविधियों के माध्यम से आगामी 2 वर्ष में लखपति दीदी बनाया जाना है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत सीहोर के तहत स्व सहायता समूह बैंक लिंकेज मे प्राप्त 54.75 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 55.09 करोड़ का बैंक ऋण समूहों को उपलब्ध कराया गया । सीहोर जिले द्वारा 101 त्न की उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैंक ऋण के माध्यम से स्व सहायता समूह द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधि की जा रही है जैसे मसाला उद्योग, मनहारी दुकान, जनरल स्टोर, साडी दुकान, कियोस्क् सेंटर, पशु पालन, मछली पालन, कृषि, चूड़ी निर्माण, झाडू निर्माण, आदि । कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के सहयोग से इस लक्ष्य की प्राप्ति हुई।

दैनिक
# सद्भावना पाती
इंदौर पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...
इंदौर, शनिवार 24 फरवरी, 2024


## न्यूयॉर्क में छाया इंदौरी आइडिया

**इंदौर।** यह दिलचस्प बात है कि इंदौर में फैशन की दुनिया में भी अब रीसाइकिल और रीयूज को स्थान दिया जाने लगा है। अर्थात पर्यावरण संरक्षण की चिंता अब केवल पर्यावरणविद् या समाजसेवियों को ही नहीं है बल्कि फैशन की दुनिया से जुड़े लोगों को भी है। फैशन के जरिए वे प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाने का संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं।जिस रैंप पर फैशन का जादू बिखेरने के लिए अब तक नए कपड़े से ही अपेरल तैयार किए जाते थे, मगर अब रीसाइकिल और रीयूज की अवधारणा से तैयार परिधानों को प्रदर्शित किया जा रहा है। शहर के युवा डिजाइनरों ने पुराने कपड़े, जूट की रस्सी, प्लास्टिक की बेकार बोतल से परिधान बनाए। न्यूयार्क में हाल ही में हुए न्यूयार्क फैशन वीक सीजन 9 में देश-दुनिया के कई युवा डिजाइनर ने भाग लिया। इनमें इंदौर के युवा डिजाइनर द्वारा तैयार परिधान भी शामिल किए गए। ये वे डिजाइनर थे, जो वर्तमान में फैशन की बारीकियां जान रहे हैं।इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनर (आइएनआइएफडी) से फैशन डिजाइनिंग के गुर जान रहे 50 विद्यार्थियों ने पांच दल बनाकर पांच परिधान तैयार किए, जो न्यूयॉर्क फैशन वीक का हिस्सा बने। करीब डेढ़ माह में इन विद्यार्थियों ने ये परिधान तैयार किए हैं। इन युवा डिजाइनरों में शामिल सौरभ कांत श्रीवास्तव बताते हैं कि यह परिधान भारतीय कला, यहां की खूबी और खूबसूरती का समावेश लिए भी थे। ये परिधान एकता ललवानी, खादिजा जमील, प्रीति मिश्रा, पूजा काग, राजेश्री, प्रज्ञा, खुशी पटेल, निहारिका शर्मा, सिमरन सैनी, रिद्धि जैन आदि ने तैयार किए हैं। इन परिधानों को आर्गेनिक कॉटन फेब्रिक, जूट की रस्सी, फ्लैनल फेब्रिक, कपड़ों की कतरनें आदि से तैयार किया गया है।

## गोवा घूमने के लिए बदमाश ने लूटी वृद्धा की चेन

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने लुटेरे को पकड़ा है। आरोपित ने दो दिन पूर्व वृद्धा से सोने की चेन लूटी थी। आरोपित गोवा घूमने जाना चाहता था। पुलिस ने इसके पूर्व ही आरोपित को पकड़ लिया।11 बंगला केशरबाग रोड पर 68 वर्षीय ललिता जैन के साथ वारदात हुई थी। गंभीर बीमारी से पीड़ित ललिता टहलने निकली थी। आरोपित ने झपट्टा मारकर चेन छीन ली। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अरबाज उर्फ मुन्ना उर्फ फिरोज निवासी सदर बाजार को पकड़ लिया। एसीपी हेमंत चौहान के मुताबिक, आरोपित ने बताया कि वह गोवा घूमने जाना चाहता था। खर्च के लिए उसने चेन लूटी थी। आरोपित गोवा जाता उससे पूर्व ही पुलिस ने पकड़ लिया इंदौर। एरोड्रम थाना पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर आरोपी रिक्की चौरसिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। रिक्की पर सराफा थाना में दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। 22 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि रिक्की ने 18 फरवरी को एयरपोर्ट रोड पर रास्ता रोक कर धमकाया। केस में समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दी।

## देपालपुर क्षेत्र के 96 गांवों में 1238 युवाओं को उद्योग लगाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार इंदौर जिले की उद्योग विहीन ग्राम पंचायतों में उद्योग स्थापित करने की कार्रवाई तेजी से जारी है। जनपद पंचायत देपालपुर सभागृह में आज उद्योग विहीन ग्रामों में उद्योग स्थापित करने हेतु इच्छुक युवक/युवतियों को मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। देपालपुर क्षेत्र के 96 गांवों में 1238 युवा उद्योग लगाने के लिए आगे आए हैं। उद्योग लगाने के इच्छुक युवक/युवतियों को प्रशिक्षण दिये जाने का कार्य जारी है। कार्यशाला का शुभारंभ महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एस. एस. मण्डलोई द्वारा किया गया। उन्होंने समस्त विभागों की योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, नेशनल लाइवस्टोक मिशन उद्यम मित्र, पीएमएफएमई आदि की जानकारी प्रदान की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा वन-टू-वन प्रश्नोत्तर सेशन के द्वारा हितग्राहियों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत देपालपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एम. एल. वर्मा, अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील ढाका, एनआरएलएम हिमांशु शुक्ला, पशुपालन विभाग से डॉ. एन. एच. माने, उद्यानिकी विभाग से अनिल मंडलोई, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र स्वप्निल गर्ग एवं सहायक प्रबंधक आदित्य मोहन गुप्ता उपस्थित थे।

## वाहन चेकिंग अभियान में 40 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही

**इंदौर।** इंदौर जिले में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे हैं। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। यात्रियों से वाहन की स्पीड, चालक परिचालक के व्यवहार के सम्बन्ध में फीडबैक भी लिया जा रहा है। लोगों को अपने वाहनों पर ।।हस्र्क्ष नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि स्कूल वाहनों की विशेष चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। बच्चों, पालकों से चालक परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। चेकिंग के दौरान विभिन्न स्कूलों के 10 वाहनों, 02 मालवाहक वाहनों पर कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान निजी वाहन के रूप में पंजीकृत होकर 02 मारुति वेन वाहन से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। बच्चों को सुरक्षित छोड़ने के बाद वाहन को जब्त कर कार्यवाही की गई। साथ ही 40 से अधिक अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियम एवं मध्यप्रदेश कराधान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई, जिनसे 1 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया।

## मुसाखेड़ी में फिर किसी हादसे का इंतजार



**इंदौर।** आदिवासी कालोनी मुसाखेड़ी के प्रवेश मार्ग पर पिछले कई दिनों से सिवरेज की लिए खुदाई कर रखी है और निगम ने काम बंद किया हुआ है। नाली में सिवरेज का पानी भरा हुआ है जो किसी बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा है। कुछ माह पहले भी मुसाखेड़ी में इसी तरह नाली में गिरने से एक बच्चे की मौत हो चुकी है। बावजूद इसके निगम अधिकारियों और ठेकेदार की उदासीनता बनी हुई है।

# इंदौर जिले के खुडेल में नया तहसील कार्यालय प्रारंभ

**● राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय–सीमा में होगा सुनिश्चित– राजस्व मंत्री वर्मा ● विकास के क्षेत्र में सांवेर विधानसभा क्षेत्र रहेगा नम्बर वन– जल संसाधन मंत्री सिलावट ● मंत्री वर्मा और सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र को सौगात देते हुए तहसील कार्यालय का किया उद्घाटन**

**इंदौर।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र को सौगात देते हुए खुड़ेल में नवीन तहसील कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करना हमारी प्राथमिकता है। राज्य शासन ने राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के लिए राजस्व का महाअभियान प्रारंभ किया है। इसमें अभी तक डेढ़ लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो चुका है। राजस्व का महाअभियान 29 फरवरी तक लगातार चलेगा। हमारा प्रयास है कि एक भी प्रकरण पूरे प्रदेश में लंबित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि राज्य शासन राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। अभियान के तहत लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए कोई भी नागरिक परेशान नहीं हो, उनका काम समय-सीमा में हो और उनको इधर-उधर नहीं भटकना पड़े।

जल संसाधन मंत्री सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए तेजी से कार्य किये जा रहे है। सड़कों और पुल-पुलियाओं का निर्माण किया जा रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विकास कार्य हो रहे है। सांवेर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में नर्मदा का जल पहुंचाया जा रहा है। तहसील कार्यालयों के नए भवन बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र विकास के क्षेत्र में नंबर वन रहेगा। सांवेर विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय मद से सड़कों का विस्तार किया जा रहा है। खुड़ैल में फोरलेन सड़क भी बनाई जाएगी। उन्होंने केंद्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए नागरिकों से आग्रह किया कि वे इनका लाभ लेवे। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसडीएम अजीत श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। पीआईयू के कार्यपालन यंत्री अजय यादव ने भवन निर्माण के संबंध में जानकारी दी।

इंदौर जिले के खुडेल तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों को जल संसाधन मंत्री सिलावट की पहल पर एक सौगात मिली है। खुडेल में अब नया तहसील कार्यालय प्रारंभ हो गया है। खुडेल में तहसील कार्यालय बन जाने से ग्रामीणों को अब अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिये इंदौर नहीं आना पड़ेगा। यह तहसील कार्यालय भवन 6 करोड़ 40 लाख रूपये की लागात से बनाया गया है। सर्वसुविधायुक्त इस भवन में 40 कमरे है। नवनिर्मित भवन के चारों ओर तथा मुख्य मार्ग से भवन तक सीसी रोड बनाया गया है। नवनिर्मित भवन का निर्माण 2 वर्ष की समय-सीमा में पूर्ण किया गया है। संकुल तहसील कार्यालय में 49 गांव सम्मिलित है। इन गांवों के 60 हजार से ज्यादा किसानों/रहवासियों को लाभ होगा। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से खुडेल क्षेत्र के 49 गांवों के हजारों लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिये 40 से 50 किलोमीटर दूर कलेक्टर कार्यालय इन्दौर नहीं आना होगा। इंदौर आने में 2 से 3 घण्टे का समय लगता था। नवनिर्मित भवन तहसील कार्यालय खुडैल के मुख्य मार्ग पर होने पर विधानसभा क्षेत्र सांवेर के सबसे अन्तिम छोर के ग्राम नाहर झाबुआ-शिवनी की दूरी में 20 किलोमीटर की बचत एवं समय-श्रम और धन की बचत होगा। नवनिर्मित तहसील भवन में एक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एक तहसीलदार एक नायब तहसीलदार, 2 आरआई सहित 15 पटवारी कार्यरत रहेगे।

## प्रधानमंत्री मोदी 29 फरवरी को देंगे मध्यप्रदेश को कई सौगातें

**इंदौर संभाग में 90 से अधिक स्थानों पर होगा सजीव प्रसारण**

- संभागायुक्त मालसिंह ने तैयारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा की
- व्यापक जन भागीदारी के साथ सुव्यवस्थित रूप से आयोजन के दिए निर्देश

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 29 फरवरी को विकसित भारत की तर्ज पर विकसित मध्यप्रदेश के विशेष कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की इंदौर संभाग में भी व्यापक तैयारियां जारी है। संभागायुक्त मालसिंह ने तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। बताया गया कि संभाग में 90 से अधिक स्थानों पर उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा। संभागायुक्त ने उक्त स्थानों पर व्यापक जन भागीदारी के साथ सुव्यवस्थित रूप से आयोजन के निर्देश दिये। बताया गया कि संभाग में जिला, विधानसभा और नगरीय निकाय वार कार्यक्रम 29 फरवरी को होंगे। व्यापक जन भागीदारी के इस कार्यक्रम में लोक कल्याण से जुड़े अनेक निर्माण कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास भी होंगे। जन हितैषी योजनाओं से जुड़े कार्यक्रम में नागरिकों की भागीदारी उल्लास और उमंग के वातावरण में होगी। संभागायुक्त ने कलेक्टरों से चर्चा कर जिले वार कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्पूर्ण कार्यक्रम अनुशासन एवं पूर्ण गरिमा के साथ आयोजित किये जाएं। उन्होंने आयोजन के दौरान किये जाने वाले विकास कार्यों के लोकार्पण/भूमिपूजन की भी जानकारी ली। उन्होंने नव नियुक्त शासकीय कर्मचारियों को वितरित किये जाने वाले नियुक्ति पत्र वितरण के संबंध में भी चर्चा की।

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

प्रधानमंत्री मोदी वीडियो लिंक से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में संबोधन देंगे। पहली बार अपनी तरह का ऐसा अभिनव कार्यक्रम हो रहा है, जिसमें आम जनता के कल्याण से जुड़े कार्यों की सौगातें मिल रही है। प्रदेश में मुख्य कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड भोपाल में होगा, जिसमें अनेक निर्माण कार्यों के वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास के साथ ही सायबर तहसीलों का लोकार्पण भी होगा। जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। समस्त जिला मुख्यालयों, नगरीय निकायों के मुख्यालय और जिन स्थानों पर लोकार्पण एवं शिलान्यास होने हैं, उन कार्यस्थल पर सजीव प्रसारण किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के कम से कम एक वृहद स्थल पर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था रहेगी।

# खजराना क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर जगह-जगह कब्जे, कई जगह लोगों ने किया विरोध

**इंदौर।** नगर निगम की टीम ने खजराना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 250 से ज्यादा कब्जे और फुटपाथों को खाली कराया। इस दौरान कई जगह विवाद की स्थिति भी बनी। अब निगम की टीम सोमवार को फिर से खजराना क्षेत्र में कार्रवाई शुरू करेगी। इस दौरान खजराना थाने से बायपास और महाकाली मंदिर रोड पर कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए मुनादी भी शुरू हो चुकी है। खजराना क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर जगह -जगह कब्जे का मामला परिषद की बैठक में भी उठाया गया था। उस दौरान कुछ नई सडक़ों के निर्माण से लेकर वहां कब्जे हटाने की कार्रवाई को लेकर चर्चा हुई थी। इसके बाद निगम की टीम ने खजराना क्षेत्र में मुनादी शुरू करा दी थी, ताकि कब्जेधारी वहां से अतिक्रमण हटा लें। कल दोपहर में निगम का भारी-भरकम अमला पुलिस बल के साथ क्षेत्र में कार्रवाई के लिए पहुंचा तो वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।निगम रिमूवल टीम ने कार्रवाई शुरू की तो कई जगह लोगों ने विरोध शुरू कर दिया था, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते विरोध करने वाले एक और हो गए थे। अधिकारियों के मुताबिक कल वहां चार से पांच घंटे तक कार्रवाई चलती रही और इस दौरान 250 से ज्यादा कब्जे हटाने के साथ-साथ कई गुमटियां, होर्डिंग, शेड और ओटले हटाए गए। नगर निगम के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के मुताबिक खजराना क्षेत्र में फिर से कार्रवाई का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा, जिसके तहत खजराना थाने से बाईपास तक के हिस्से और खजराना और जमजम चौराहे से महाकाली मंदिर रोड और आसपास की अन्य रोड पर कब्जे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। वहां भी बड़े पैमाने पर सडक़ किनारे और फुटपाथों तक कब्जे हैं, जिसके कारण दिनभर में कई बार जाम की नौबत बनती है। इसके चलते निगम की टीमों ने उक्त क्षेत्रों में कार्रवाई से पहले मुनादी भी शुरू कर दी है। कल शाम और आज सुबह निगम की पीली जीपों से खजराना और उसके आसपास के क्षेत्रों में फिर से मुनादी कर कब्जेधारियों को कब्जे हटाने की चेतावनी दी जा रही थी। वहीं सूत्रों के मुताबिक संभवत- सोमवार को निगम का अमला पुलिस बल साथ लेकर उक्त क्षेत्रों में कार्रवाई की तैयारी में जुटा है।

## इंदौर में अंडरग्राउंड बिजली की सिरपुर से शुरुआत

**इंदौर।** बिजली कंपनी उपभोक्ताओं के लिए नवाचार और सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। अब इंदौर शहर में बिजली के तार खम्भों के बजाय अंडरग्राउंड बिजली की केबल बिछाई जा रही है। सिरपुर क्षेत्र में इसकी शुरुआत हो चुकी है। इससे बिजली चोरी पर अंकुश लगेगा, वहीं सघन इलाकों में अवरुद्ध बिजली के खंभों से मुक्ति भी मिलेगी। बिजली कंपनी मे इंदौर शहर में सर्वाधिक बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए हैं, जिनकी संख्या देश में सर्वाधिक है। इसके लिए देशभर के अनेक राज्यों की टीम यहां स्मार्ट मीटर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने अभी तक आ रही है। इसके बाद अब इंदौर शहर से अंडरग्राउंड बिजली केबल डालने की शुरुआत भी हो चुकी है।

इंदौर शहर के बिजली चोरी और ज्यादा लाइन लास वाले क्षेत्र खजराना, चंदन नगर, मालवा मिल, सिरपुर आदि इलाकों में बिजली की अंडरग्राउंड केबल डाली जाएगी। इसकी शुरुआत सिरपुर क्षेत्र से हो चुकी है। अंडरग्राउंड केबल जहां पर लाइन लास में कमी आएगी, वहीं बिजली चोरी भी रुकेगी। बिजली कंपनी के एमडी अमित तोमर ने बताया कि शहर में डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के कार्यों की गति बढ़ाने को लेकर कार्य किया जा रहे है। इसमें आरडीएसएस के तहत शहर का पहला ग्रिड फरवरी अंत में ऊर्जीकृत करने, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, केबलीकरण इत्यादि कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान बताया गया कि शहर में उक्त योजना के तहत 33/11 केवी के नए 6 बिजली ग्रिड बनाए जा रहे हैं। इससे बिजली वितरण क्षमता में तीस मेगावाट की वृद्धि होगी। शहर में खजराना, चंदन नगर, मालवा मिल क्षेत्र, सिरपुर आदि इलाकों में में अंडरग्राउंड केबल स्थापित होगी। बिजली कंपनी ने अंडरग्राउंड बिजली की केबल डालने के लिए प्रथम चरण में चार क्षेत्रों को चिन्हित किया है। इसके बाद सघन इलाकों में भी बिजली की अंडरग्राउंड केबल डाली जाएगी। फिलहाल जहां बिजली की ज्यादा चोरी हो रही है, उन क्षेत्रों में अंडरग्राउंड केबल का काम शुरू किया जा रहा है। सिरपुर में अंडरग्राउंड केबल डालने की शुरुआत को इसी रूप में देखा जा रहा है। लगातार बिजली कंपनी के पास रिटायर्ड होते अधिकारियों, कर्मचारियों के कारण अमला कम हो रहा है और बिजली चोरी को लगाम लगाने में सफलता हाथ कम ही आ रही है। इंदौर जैसे शहर की आबादी 40 लाख के करीब पहुंच रही है, जिसके कारण यहां पर बिजली की सुविधाएं उपलब्ध कराने की चुनौती बनी हुई है। इसी कारण बिजली के अत्याधुनिक उपकरणों के साथ अंडरग्राउंड बिजली केबल डाली जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिलेगी।



ढलती धूप और खिलती शाम की चादर ओढ़े सूरज की विदाई का ख़ूबसूरत नज़ारा

## चोरी के लिए घर में घुसे नकाबपोश बदमाश

**इंदौर।** इंदौर जिले में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा। जिसका एक ताजा उदाहरण आज ही बाणगंगा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। वहीं, घटना के शिकायत परिजनों ने थाने में करवाई है। जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशो की तलाश कर रही है। आइए जानते हैं विस्तार सेज्दरअसल, मामला कालिंदी गोल्ड कालोनी का है। जब यहां रहने वाले इंडियन ऑयल डिपो के मैनेजर को लुटेरों ने अपना निशाना बनाया। हथियार बंद नकाबपोश बदमाश सुबह 4 बजे डिपो मैनेजर पुष्पेंद्र के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और डरा-धमकाकर गले से चैन, अंगूठी, कैश समेत और सोने-चांदी के जेवर लूटे और जाते समय बदमाश होंडा सिटी कार भी अपने साथ ले गए। सीसीटीवी में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बदमाशों ने धारदार हथियार परिजनों डराया। जिसके बाद इस घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस द्वारा टीम का गठन कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पीड़ित परिवार द्वारा शिकायत लिखवाने के बाद तत्काल ही मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है- राम स्नेही मिश्र, एडिशनल डीसीपी

एक सप्ताह में हुई दूसरी डकैती

गौरतलब है कि कनाडिया में कुछ दिन पहले ही डकैती हुई थी, जिसमें पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है तो वहीं अब यह दूसरी डकैती है। बता दें कि कल ही पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक ली थी और अपराधों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए थे। फिलहाल, पुलिस द्वारा आसपास के इलाकों के टोल नाको पर नजर है। साथ ही पुलिस अपराधियों तक पहुंचने का हर प्रयास कर रही है।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

**इंदौर।** आगामी वित्त वर्ष की गाइडलाइन तय की जाना है, जिसके चलते कल शनिवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक बुलाई गई है, जिसमें उन क्षेत्रों की सूची प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें चालू वित्त वर्ष के दौरान अधिक रजिस्ट्रियां हुईं या अधिक और ज्यादा मूल्य पर रजिस्ट्रियां हुई हैं। शासन ने पंजीयन विभाग को गाइडलाइन की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं, वहीं कितनी फीसदी गाइडलाइन बढ़ाई जाना है, इसकी कोई जानकारी फिलहाल नहीं दी है। संभवत- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शासन अभी 1 अप्रैल से गाइडलाइन में कोई वृद्धि ना करे और फिर जुलाई के बाद कुछ क्षेत्रों में गाइडलाइन बढ़ाने की मंजूरी दी जाए।रियल इस्टेट कारोबार में बीते डेढ़ सालों से जो तेजी आई उसका असर यह हुआ कि पंजीयन विभाग की कमाई तो बढ़ी ही, वहीं दस्तावेजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इस चालू वित्त वर्ष का ही लक्ष्य 2540 करोड़ रुपए तय किया गया है। जबकि जनवरी माह में ही विभाग ने 188 करोड़ रुपए कमाए और अभी तक लगभग डेढ़ लाख दस्तावेजों के पंजीयन हो चुके हैं। दूसरी तरफ पूर्वी रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी प्रशासन ने शुरू करवा दी है, जिसके चलते संबंधित गांवों में जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक भी कराई गई थी, जिसके चलते भी रजिस्ट्रियों की संख्या में कुछ कमी आई। मगर अब रोक हटाने के बाद दस्तावेज बढ़ भी गए। आगामी वित्त वर्ष के लिए गाइडलाइन का निर्धारण किया जाना है, जिसकी पंजीयन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। वरिष्ठ जिला पंजीयक दीपक शर्मा से पूछने पर उन्होंने बताया कि जिला मूल्यांकन समिति की कल बैठक रखी गई है, जिसमें उन क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी जहां अधिक दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है और वर्तमान गाइडलाइन से अधिक दरों पर भी रजिस्ट्रियां करवाई गई है। अभी तक पंजीयन विभाग अपने वार्षिक लक्ष्य की तुलना में 72 फीसदी से अधिक राजस्व अर्जित कर चुका है और हर माह औसतन 15 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। हालांकि अप्रैल और मार्च में यह बढ़ोतरी 22 फीसदी तक करना होगी। पश्चिमी रिंग रोड के 34 गांवों में जमीनों की खरीद-फरोख्त पर रोक हटाने से भी जनवरी-फरवरी माह की रजिस्ट्रियों की संख्या में इजाफा भी हुआ। वहीं पूर्वी रिंग रोड में भी शामिल गांवों से रोक हटाने के प्रयास विभाग द्वारा किए जा रहे हैं। जल्द ही इसके भी आदेश प्रशासन द्वारा जारी कर दिए जाएंगे। दूसरी तरफ पश्चिमी रिंग रोड की जमीनों पर लगाई रोक के आदेश भी आज-कल में शिथिल हो जाएंगे। जो खसरा नम्बर नेशनल हाईवे अथॉरिटी को सडक़ निर्माण के लिए चाहिए और उन जमीनों का अधिग्रहण होना है उन्हें छोडक़र शेष जमीनों की रजिस्ट्रियों को अनुमति दी जाएगी। दूसरी तरफ जमीन अधिग्रहण का विरोध भी किसानों द्वारा किया जा रहा है। किसान नेता हंसराज मंडलोई के मुताबिक आज खुडैल तहसील मुख्यालय का उद्घाटन करने आ रहे राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## दिव्यांगजन कल्याण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 26 फरवरी से

**इंदौर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 26 ओर 27 फरवरी 2024 को भोपाल में हो रहा है। सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में दिग्दर्शिका पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान तथा सक्षम मध्य भारत के तकनीकी सहयोग से ÷दिव्यांगजनों का आर्थिक पुनर्वास और सशक्तिकरण÷ विषय पर विशेषज्ञ द्वारा अपनी राय और सुझाव रखे जाएंगे। संगोष्ठी का आयोजन सामाजिक न्याय विभाग के रिसोर्स सेंटर ऑडिटोरियम हॉल में किया जाएगा।

# हर महीने पति को गुजारा भत्ता देगी पत्नी

इंदौर में फैमिली कोर्ट का एक आदेश चर्चा का विषय बन गया है। इसमें कोर्ट ने आदेश दिया है कि ब्यूटी पार्लर चलाने वाली पत्नी अपने 12वीं पास पति को हर महीने गुजारा भत्ता देगी। माना जा रहा है कि यह देश में पहला इस तरह का मामला है जिसमें कोर्ट ने पत्नी को पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है। 23 साल के राजेश (बदला हुआ नाम) और 22 साल की चांदनी (बदला हुआ नाम) का केस इंदौर फैमिली कोर्ट में चल रहा था। कॉमन फ्रेंड के जरिए राजेश और चांदनी की पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों में बातचीत होने लगी। राजेश के मुताबिक चांदनी उसे पसंद करने लगी थी इसलिए उसने ही प्रपोज किया। राजेश उससे शादी नहीं करना चाहता था लेकिन चांदनी ने धमकी दी कि अगर शादी नहीं की तो वह जान दे देगी। इस दबाव में आकर राजेश ने चांदनी के साथ साल 2021 में आर्य मंदिर में शादी कर ली। राजेश की शादी से उसके परिवार वाले खुश नहीं थे और वो भी घुट-घुटकर चांदनी के साथ रह रहा था। चांदनी से परेशान राजेश एक दिन उसे छोड़कर भाग गया और अपने परिजन को पूरी बात बताई। इसके बाद राजेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और कोर्ट में भरण पोषण के लिए केस भी दायर किया।

# संपादकीय

# सपा और कांग्रेस के बीच रजामंदी...

राजनीति में साझेदारी करके चुनाव लड़ना कोई नई बात नहीं है। जब भी विपक्षी दलों को लगता है कि सत्ता पक्ष काफी मजबूत स्थिति में है और उसे हरा पाना कठिन है, तो वे मिल कर चुनाव मैदान में उतरते रहे हैं। कई बार चुनाव के बाद भी गठबंधन बने हैं और साझा न्यूनतम कार्यक्रमों के तहत सरकारें चली हैं।आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भी इसी मकसद से विपक्षी दलों ने परस्पर हाथ मिलाया था कि उन्हें सत्ताधारी भाजपा को अलग-अलग चुनौती देना मुश्किल है। इसके लिए 'इंडिया गठबंधन' बना। मगर कुछ दलों के अपने क्षेत्रीय हितों के चलते यह गठबंधन शिथिल-सा पड़ने लगा था। नीतीश कुमार के छिटकने के बाद लगा कि यह खत्म ही हो जाएगा। मगर अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर जिस तरह रजामंदी हुई है, उससे एक बार फिर इस गठबंधन में जान पड़ गई है। हालांकि समाजवादी पार्टी पहले ही एलान कर चुकी थी कि वह कांग्रेस को ग्यारह सीटें देगी, मगर कांग्रेस को और सीटें चाहिए थीं। अब कांग्रेस की पसंदीदा सत्रह सीटों पर सहमति बन गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट पर समाजवादी पार्टी पहले से ही कांग्रेस के समर्थन में अपना उम्मीदवार नहीं उतारती रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना ने भी कहा है कि वह जल्दी ही कांग्रेस के साथ मिल कर सीटों की घोषणा करेगी। इससे इंडिया गठबंधन के बाकी घटक दलों में निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश गया है। अभी तक मुश्किलें केवल पश्चिम बंगाल, पंजाब, गुजरात और दिल्ली में अधिक बनी हुई हैं। ममता बनर्जी ने एलान किया है कि वे अकेले चुनाव लड़ेंगी। इसी तरह आम आदमी



पार्टी और कांग्रेस के बीच तालमेल नहीं बैठ पा रहा।आम आदमी पार्टी को लगता रहा है कि दिल्ली, पंजाब और गुजरात में उसका आधार मजबूत है और कांग्रेस के साथ साझेदारी करने से उसे नुकसान उठाना पड़ सकता है। मगर अब वह भी जल्दी सीटों के बंटवारे पर सहमति बना लेना चाहती है। नीतीश कुमार के अलग होने से गठबंधन इसलिए कोई नुकसान महसूस नहीं कर रहा कि बिहार में अभी राजद अधिक प्रभावशाली है और वह इंडिया गठबंधन के साथ है।राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर तेजस्वी यादव ने संकेत भी दे दिया कि कांग्रेस को लेकर उनमें कोई दुराव नहीं है।चूंकि इंडिया गठबंधन को सबसे अधिक मुश्किलें हिंदी प्रदेशों में सीट बंटवारे को लेकर आ रही हैं, समाजवादी पार्टी के साथ हुए समझौते से अन्य प्रदेशों के लिए एक फार्मूला तैयार हो गया है। जिन सीटों पर जिस पार्टी का जनाधार मजबूत है, उन पर उसी का प्रत्याशी उतारने का फार्मूला लगभग तय है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव नतीजों से कांग्रेस को भी अहसास हो चुका है कि गठबंधन दलों के साथ सीटों की साझेदारी कितनी अहम है। इसलिए अब कोई अड़चन नजर नहीं आ रही। मगर असल दिक्कत है कि इंडिया गठबंधन जिस तरह शुरू में सक्रिय हुआ था, अब वैसा नजर नहीं आता। चुनाव नजदीक आ गए हैं, मगर न तो गठबंधन ने अभी तक कोई साझा सार्वजनिक सम्मेलन किया है और न सत्ता पक्ष को घेरने के लिए ठीक से मुद्दे तय कर पाया है। भाजपा अभी से आक्रामक रुख अपना चुकी है। ऐसे में भाजपा को शिकस्त देना इंडिया गठबंधन के लिए कितना आसान होगा, दावा नहीं किया जा सकता।

## सोशल मीडिया से...



पिछले दो दशकों में विकास के साथ-साथ विरासत की भव्यता पर भी काम हुआ है। दुर्भाग्य से भारत में विरासत के क्षेत्र में विकास रुक गया था। इस कांग्रेस सरकार ने धार्मिक स्थलों पर सवाल उठाए। यह कांग्रेस ही है, जिसने सोमनाथ और पावागढ़ मंदिरों के विकास कार्यों में रुकावट पैदा की।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा।

**योगी आदित्यनाथ,** सीएम उप्र





हम लोगों का विश्वास लेने पहुंचे हैं। नीतीश कुमार के साथ दूसरी बार हम सरकार नहीं बनाना चाहते थे। नीतीश कुमार मेरे पिताजी के सामने आकर माफी मांगने लगे। तब जाकर हमने दूसरी बार उनके साथ सरकार बनाई, लेकिन नीतीश कुमार एक बार फिर से धोखा दे गए।

**तेजस्वी यादव,** राजद नेता

पिछले 3-4 दिनों से मैं बीमार हूं ओर अस्पताल में भर्ती हूं। इसके वावजूद मेरे मकान में तानाशाह द्वारा सरकारी एजेंसियों से छापे डलवाए जा रहें हैं। मेरे ड्राइवर, मेरे सहायक के ऊपर भी छापे मारकर उनको बेवजह परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं। इन छापों से घबराऊंगा नहीं।

**सत्यपाल मलिक,** पूर्व राज्यपाल



## आज का कार्टून




# अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में बढ़ रही है स्वदेशी की शक्ति

भारत ने चांद पर कदम रख पूरी दुनिया को एक तरह से चौंका दिया है। शुद्ध स्वदेशी उपकरणों से लैस इसरो का चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण कर भारत दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन चुका है। इसी तरह सूरज को समझने के लिए इसरो ने आदित्य एल-1 का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण कर दिया है।

यह देश का पहला अंतरिक्ष अभियान है जो सूर्य का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 सूर्य और पृथ्वी के बीच एक खास बिंदु लैंग्रेज पॉइंट वन जिसे एल-1 कहा जाता है, वहां स्थापित होगा। यानी सूर्य की हर गतिविधि पर नजर रखेगा। सूर्य को समझने के लिए यह यान 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय करेगा। स्वदेशी की बदौलत भारत अंतरिक्ष की दुनिया में भी तेजी से तरक्की कर रहा है। देश का अंतरिक्ष बाजार वर्ष 2040 तक 40 से 100 अरब डॉलर के पार होने की उम्मीद है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन कंपनी आर्थर डी लिटिल की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

**अनिल तिवारी**

आत्मनिर्भर बनने के संकल्प पथ पर दौड़ रहे भारत ने हर क्षेत्र में स्वदेशी का झंडा बुलंद किया है। देश में इस्तेमाल होने वाले 99त्न मोबाइल भारत अब खुद बना रहा है, वही युद्ध पोत और हल्के लड़ाकू विमान से लेकर घातक ड्रोन तक बनाकर पूरी दुनिया में स्वदेशी गुणवत्ता का लोहा मनवाया है।

अपनी स्वदेशी तकनीक के बूते चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर भारत ने न सिर्फ पूरी दुनिया को चौंका दिया बल्कि अब रक्षा उत्पादों के निर्यात का आंकड़ा 23 गुना बढ़ाते हुए पहले के 686 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2022-23 में 16000 करोड़ से ऊपर करने में सफलता अर्जित की है।

केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में स्वदेशी हथियारों, उपकरणों और तकनीक के बूते आत्मनिर्भर बनने की राह पर दौड़ रहा है। स्वावलंबी भारत अभियान के जरिए स्वदेशी सोच को मिली तरजीह के कारण ही स्वदेशी हथियारों, मिसाइल, हल्के फाइटर जेट और ड्रोन सिस्टम में दुनिया अब दिलचस्पी दिखा रही है।

आज भारत पचासी से अधिक देशों को स्वदेशी हथियार और उपकरण, कलपुर्जे निर्यात कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत और स्वावलंबी भारत अभियान की बदौलत हथियारों के आयात पर होने वाले खर्च में भी गिरावट आई है। वर्ष 2018-19 में रक्षा क्षेत्र पर खर्च होने वाले कुल लागत में से 46त्न हथियारों और सिस्टम पर खर्च हुआ था। दिसंबर 2022 में यह खर्च गिरकर 35.6 प्रतिशत पर आ गया है।

भारत ने चांद पर कदम रख पूरी दुनिया को एक तरह से चौंका दिया है। शुद्ध स्वदेशी उपकरणों से लैस इसरो का चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण कर भारत दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन चुका है। इसी तरह सूरज को समझने के लिए इसरो ने आदित्य एल-1 का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण कर दिया है।

यह देश का पहला अंतरिक्ष अभियान है जो सूर्य का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 सूर्य और पृथ्वी के बीच एक खास बिंदु लैंग्रेज पॉइंट वन जिसे एल-1 कहा जाता है, वहां स्थापित होगा। यानी सूर्य की हर गतिविधि पर नजर रखेगा। सूर्य को समझने के लिए यह यान 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय करेगा।

स्वदेशी की बदौलत भारत अंतरिक्ष की दुनिया में भी तेजी से तरक्की कर रहा है। देश का अंतरिक्ष बाजार वर्ष 2040 तक 40 से 100 अरब डॉलर के पार होने की उम्मीद है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन कंपनी आर्थर डी लिटिल की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दुनिया के चार देशों ने छह मसौदे पर इसरो के साथ करार किया है।

अंतरराष्ट्रीय मिशन को अंजाम देने से भारत को 14.01 करोड डॉलर का राजस्व मिलने की संभावना है। अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े 100 से अधिक स्टार्टअप चल रहे हैं। वर्ष 2030 तक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की भागीदारी बढ़कर 10त्न तक होने का अनुमान है। वर्ष 2030 तक अंतरिक्ष में भारत अपना स्पेस स्टेशन निर्मित कर लेगा।

मालूम हो कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारत सरकार का लक्ष्य वर्ष 2024-25 तक रक्षा उत्पादन क्षेत्र को 175000 लाख करोड रुपए करना है।




वहीं रक्षा निर्यात को बढ़ाते हुए इसी समयावधि में 35000 करोड रुपए से अधिक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

रक्षा मंत्रालय ने 2020 में 101 रक्षा उत्पादों के आयात पर रोक लगाई थी। यह उपकरण अब भारत में ही बन रहे हैं। 3700 रक्षा उत्पाद भारत में निर्मित किये जा रहे हैं। 2024 में और 351 सामानों का निर्माण निर्माण भारत में स्वदेशी तकनीक से होने लगेगा। इसरो द्वारा तैयार निसार उपग्रह से समुद्र स्तर, भूजल, प्राकृतिक आपदा, भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी और पृथ्वी में हर घड़ी हो रहे बदलाव की जानकारी मिलने लगेगी।

वर्ष 2024 के अंत तक इस मिशन को अंजाम दिया जाना है। इसरो ने वर्ष 2024 में गगनयान मानव मिशन को लॉन्च करने की योजना बनायी है। मिशन से पहले रोबोट व्योममित्रा को अंतरिक्ष में भेजने की योजना है। मिशन के लिए वायुसेना के चार पायलटों की पहचान सुनिश्चित कर ली गई है। भारतीय वायुसेना को इस साल फरवरी में पहला स्वदेशी फाइटर जेट तेजस एम के-1ए मिल सकता है। वायु सेवा को कुल 83 जेट मिलने है। इसके लिए एच ए एल से 48000 करोड रुपए का करार भी किया गया है।

देश में फाइव जी लांच होने के बाद सिक्स जी की तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने इंडियन मोबाइल कांग्रेस में कहा था कि भारत की कोशिश सिक्स जी क्षेत्र का लीडर बनने की है। स्वावलंबी भारत अभियान के कर्ताधर्ताओं का मानना है कि भारत जितनी बड़ी अर्थव्यवस्था है, और यहां की जनसंख्या जितनी है, उसमें देश को आत्मनिर्भर बनाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। आज भारत के लिए जितने भी आपूर्ति करता देश हैं, वे हमारी जरूरत को शायद ही पूरा कर सकते हैं।

दरअसल दूसरे देशों पर निर्भर रहने की कीमत चुकानी पड़ती है जो मौजूदा दौर में हमारे देश के हित में नहीं है। रक्षा सामग्री, अनाज, कंप्यूटर, मोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल है या फिर ऑटोमोबाइल, हर तरफ हमें आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। अब तक भारत जितना भी आत्मनिर्भर बना है वह मात्र असेंबलिंग के क्षेत्र में ज्यादा हुआ है। भारत को अब सही मायने में आत्मनिर्भर बनना है तो उसे कच्चे माल पर चीन या फिर किसी दूसरे देश के ऊपर निर्भरता को घटानी होगी।

स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े अर्थशास्त्री प्रोफेसर अश्वनी महाजन का मानना है कि विगत कुछ वर्षों से कोशिश जरूर हो रही है और इसके नतीजे भी अच्छे आए हैं। लेकिन जरूरी है कि भारत की क्षमता को देखते हुए यहां शोध पर ज्यादा फोकस किया जाए। अभी जितने शोध हो रहे हैं वह ज्यादातर सरकारी संस्थानों या कंपनियों में हो रहे हैं। निजी क्षेत्र की भागीदारी को इसमें बढ़ाया जाना चाहिए।रक्षा मंत्रालय ने इस साल ऐसे सामानों की सूची जारी की है जिनका निर्माण भविष्य में देश में ही हो सकेगा। इसे चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर उनके आयात पर रोक लगाई जानी चाहिए। रक्षा क्षेत्र से जुड़े सैंकड़ो कल पुर्जे देश में बनने लगे हैं। इससे करोड़ों रुपए की बचत हो रही है। हर क्षेत्र के लिए स्वदेशी और आत्मनिर्भरता ही वह कुंजी है जो विश्व पटल पर भारत को आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय मामलों में ताकतवर बना सकती है।

गौरतलब है कि नागरिकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए देश में 160480 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों का संचालन हो रहा है। शिक्षा का बाजार जो 2020 में 180 अरब डालर था वर्ष 2030 तक 320 अरब डालर होने की संभावना है। मेक इन इंडिया के तहत देश में 34 वंदे भारत ट्रेन चल रही है। केंद्र की योजना है कि वर्ष 2024 तक इनकी संख्या बढ़कर 75 किया जाना है।

स्वदेशी तकनीक और हमारी युवा मेधा के बदौलत भारत हर दिन प्रगति की नई इबारत लिख रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नए साल में भारत अपनी आर्थिक स्थिति को और अधिक बेहतर बनाते हुए देश की विकास दर के लक्ष्य को 6.5त्न से आगे पहुंचाने के साथ-साथ वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में कामयाब होगा। इसके लिए महंगाई को नियंत्रित रखने, सरकारी कर्ज को बढ़ाने से रोकने, निर्यात बढ़ाने, व्यापार घाटा कम करने, उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने के प्रयोग के साथ-साथ राष्ट्रीय चरित्र के नवनिर्माण के लिए भी मजबूत पहल करनी होगी।

# 'संदेशखाली' का सच स्वीकार करें ममता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली कांड ने पूरे देश को सन्न कर दिया है। जिस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं उन पर सहसा विश्वास करना कठिन है। आखिर किसी कानून के शासन वाले राज्य में ऐसा कैसे संभव है कि कोई, कुछ या कुछ लोगों का समूह जब चाहे जितनी संख्या में चाहे महिलाओं को बुला ले और उनका शोषण करे? मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कहती हैं कि संदेशखाली घटना के पीछे भाजपा का हाथ है। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में सबसे पहले ई.डी. को भेजा गया। फिर ई.डी. की दोस्त भाजपा कुछ मीडिया वालों के साथ संदेशखाली में घुसी और हंगामा करने लगी। ममता बनर्जी, तृणमूल कांग्रेस या सरकार के अन्य प्रवक्ता ऐसी घटना को नकारने की जितनी कोशिश करते हैं उतना ही सच सामने आ रहा है।

**अवधेश कुमार**

राजनीतिक दलों के बयानों और मांगों को कुछ समय के लिए छोड़ दीजिए, टैलीविजन कैमरों पर जितनी संख्या में महिलाएं आकर आपबीती सुना रही हैं उनसे किसी भी संवेदनशील व्यक्ति का दिल दहल जाएगा। राजनीतिक दलों में भी केवल भाजपा आवाज उठाती या आंदोलन करती तो माना जाता कि शायद आरोपों में उतनी सच्चाई नहीं है जितनी प्रचारित की जा रही है। सारी वामपंथी पार्टियां और कांग्रेस भी संदेशखाली पर एक ही स्वर में बात कर रही हैं। राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखाली में अशांत क्षेत्रों का दौरा कर कहा कि मैंने जो देखा वह भयावह, स्तब्ध करने वाला और मेरी अंतरात्मा को हिला देने वाला था। उन्होंने कहा कि विश्वास करना कठिन है कि रङ्क्षबद्र नाथ टैगोर की धरती पर ऐसा हुआ है। यह भी पहली बार होगा जब राज्यपाल ने राजभवन का नंबर जारी करते हुए कहा कि किसी महिला को डरने की आवश्यकता नहीं है और उन्हें समस्या है तो राजभवन में शरण ले सकती हैं। राज्यपाल ने स्थानीय महिलाओं से कहा कि चिंता मत कीजिए, आपको न्याय जरूर मिलेगा। यदि मामले की गंभीरता नहीं होती तो कोलकाता उच्च न्यायालय इसका स्वत-संज्ञान नहीं लेता। पहले उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अपूर्ब सिंह राय की एकल पीठ ने सुनवाई की और बाद में इसे 2 सदस्यीय पीठ को स्थानांतरित कर दिया गया। उच्च न्यायालय इनमें 2 अलग-अलग मामलों की सुनवाई कर रही है। पहला स्थानीय लोगों की जमीन हड़पने का है और दूसरा स्थानीय महिलाओं का यौन उत्पीडऩ करने का। उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने के बाद उम्मीद करनी चाहिए कि मामले का सच सामने आएगा तथा दोषियों को उपयुक्त सजा मिलेगी। किंतु स्वयं ममता बनर्जी और उनके लोग जब तक यह मानने को तैयार नहीं होंगे कि स्वतंत्र भारत के इतिहास की सबसे जघन्य और शर्मनाक घटना उनके राज्य में घटित हुई है तब तक सच होते हुए भी इसे साबित करना मुश्किल होगा। पुलिस प्रशासन का रवैया देखिए तो साफ हो जाएगा कि संदेशखाली कांड की सही तरीके से जांच और कानूनी प्रक्रिया पूरी करना सामान्य तौर पर संभव नहीं हो सकता। शाहजहां शेख गिरफ्तार नहीं हुआ है तो क्यों? मामले के 2 प्रमुख आरोपी शिबू हाजरा और उत्तम सरदार सहित 18 गिरफ्तार हो चुके हैं। हालांकि ये आसानी से गिरफ्तार नहीं हुए। महिलाओं के प्रदर्शन और बवंडर के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उत्तम सरदार को उत्तर 24 परगना जिला परिषद सदस्य और तृणमूल के



अंचल अध्यक्ष के पद से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया। उसके बाद ही पुलिस उसे गिरफ्तार करने का साहस कर सकी।

लोग बता रहे हैं कि तृणमूल कांग्रेस के लोग घर-घर जाकर देखते थे और जिस घर में सुंदर लड़कियां या महिलाएं होतीं उन्हें बुला लिया जाता था या उठाकर ले जाया जाता था। पार्टी कार्यालय में भी उनका यौन शोषण किया जाता था। शाहजहां शेख का आतंक इतना था कि कोई आवाज उठाने का साहस नहीं कर पाता था। 5 जनवरी को जब ई.डी. द्वारा राशन घोटाले से जुड़े मामले में शाहजहां शेख के संदेशखाली स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान भारी संख्या में लोगों ने ई.डी. की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों पर हमले कर दिए और शहर से लगभग 74 कि.मी. दूर गांव से भागने तक मारपीट की।

शाहजहां के फरार होने की खबर से लोगों का साहस बढ़ा और वे सड़कों पर उतरकर विरोध करने लगे जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। वस्तुत- 5 जनवरी को हुए हमलों के 33 दिनों बाद 7 फरवरी को संदेशखाली में फिर से हंगामा हुआ। केंद्र द्वारा बंगाल को बकाया फंड से वंचित करने का आरोप लगाकर तृणमूल ने संदेशखाली के त्रिमोहानी बाजार में जनजाति समुदाय के एक वर्ग के साथ एक रैली निकाली थी। इसमें शेख शाहजहां के जयकारे लगाने के बाद ही हंगामा शुरू हुआ और लोग तृणमूल के विरुद्ध नारे लगाने लगे। शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने तथा लंबे समय से महिलाओं के यौन उत्पीडऩ सहित अनेक प्रकार की प्रताडऩाओं का आरोप लगाने लगे। ममता बनर्जी ने विधानसभा में बोलते हुए इसमें भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घसीटा। ममता ने कहा कि संदेशखाली आर.एस.एस. का गढ़ है। वहां पहले भी दंगे हुए थे। क्या आर.एस.एस. ने वहां शाहजहां शेख और तृणमूल के लोगों को सत्ताबल की बदौलत जमीन हड़पने और महिलाओं के वीभत्स यौन उत्पीडऩ के लिए रास्ता तैयार किया? वहां जाकर कोई भी देख सकता है कि 24 परगना का संदेशखाली ही नहीं आसपास बांग्लादेश से लगे सीमावर्ती इलाके में रहने वाले भारी आबादी होने के बावजूद अनुसूचित जाति के लोग किस तरह की स्थितियों का सामना कर रहे हैं। संदेशखाली एक दर्जन से ज्यादा उन विधानसभाओं की श्रेणी में है जो भारत-बंगलादेश से लगा है जहां अवैध घुसपैठियों की संख्या हमेशा रही है और वे वहां के लिए समस्या भी रहे हैं। पहले वाम मोर्चा और उसके बाद तृणमूल सरकार ने इनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात तो दूर इन्हें पूरी तरह संरक्षण और पोषण दिया। क्षेत्र के अपराध का विश्लेषण करें तो उनमें गौ तस्करी से लेकर मादक पदार्थों और हथियारों के साथ मानव बिक्री के कारोबार शामिल हैं और इनमें एक समुदाय के लोग सबसे ज्यादा आरोपी और अभियुक्त हैं। यह बात सही है कि पिछले कुछ वर्षों में वहां के लोगों का आर.एस.एस. की ओर आकर्षण बढ़ा है तो इसलिए कि सरकार उन्हें सुरक्षा देने में सफल नहीं रही। लेकिन आर.एस.एस. के कार्यकर्त्ताओं को भी शाहजहां जैसे बाहुबलियों के उत्पीडऩ और अपराध का सामना करना पड़ा है और पुलिस प्रशासन उनके सुरक्षा देने में विशाल रही है। सत्तारूढ़ घटक से जुड़े अपराधी और बाहुबली महिलाओं को जबरन उठाकर अपनी हवश का शिकार बनाते रहे हैं। सरकार और प्रशासन अपनी खीझ पत्रकारों पर उतार रहे हैं। एक पत्रकार को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस के लिए इससे शर्मनाक क्या हो सकता है कि शाहजहां आज तक कानून के शिकंजे से बाहर है। उच्च न्यायालय ने यह प्रश्न भी उठाया कि क्या उसे संरक्षण मिल रहा है?

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर का रिपोर्ट कार्ड, शिक्षा में पिछड़ा नंबर 1 शहर

**इंदौर।** शिक्षा के मामले में इंदौर का नाम पूरे देशभर विख्यात है, लेकिन स्कूली शिक्षा की बात करें तो प्रदेश के जिलों में ही इंदौर काफी पिछड़ गया है। राज्य शिक्षा केंद्र ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत सभी जिलों की रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में इंदौर जिला 48वें नंबर पर है। वहीं इंदौर संभाग सबसे पीछे यानी 10वें नंबर पर है। सात बिंदुओं पर हुए मूल्यांकन में इंदौर बी स्थिति काफी खराब है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति साक्षरता अभियान, टीचर ट्रेनिंग, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन में रही।राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी रैंकिंग में पिछले साल इंदौर 29 वें पायदान पर था। इस बार 19 पायदान पिछड़कर 58.76 फीसदी अंक के साथ 48 वें नंबर पर आ गया है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी होने के नाते यहां शिक्षा विभाग के आला अफसर निरीक्षण करने आते हैं। बजट में भी कमी नहीं रहती है। बावजूद शिक्षा गुणवत्ता से लेकर स्कूल इमारत अधोसंरचना तक में इंदौर जिले की स्थिति खराब है। संभाग भी सबसे पीछे 60.77 फीसदी अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत जारी की गई रैंकिंग में इंदौर जिले की कई कमियां सामने आई हैं। इस बार जिले में प्रारंभिक कक्षा में महज 11 हजार बच्चों का ही प्रवेश हो पाया। प्राथमिक स्तर के स्कूलों में बच्चों को शब्द पढ़ना, बोलना, जोड़-घटाव, गिनती आदि तक समझने और बोलने में दिक्कत है।

**शिक्षक अपनी जिम्मेदारी से बचे रहे**

बच्चों को बेहतर शिक्षण के लिए सालभर शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलता है, लेकिन कई शिक्षक इस प्रशिक्षण को गंभीरता से नहीं लेते है। हर साल स्कूलों की मरम्मत के लिए लाखों रुपए जारी होते है। लेकिन कई स्कूल ऐसे है, जहां भवन अधोसंरचना, मूलभूत सुविधाएं काफी कम है। कई स्कूलों में फर्नीचर तक नहीं है। कई स्कूल ऐसे है, जहां टाट पट्टी पर बैठाकर पढ़ाया जाता है। प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जाती हैं, लेकिन जिले में इन योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पाया। यही कारण है कि कई स्कूलों में दो साल बाद भी गणवेश वितरण तक नहीं हो पाया है। कई बच्चे पात्र होने के बाद छात्रवृत्ति से वंचित हैं। जिले में इस बार 75 हजार से अधिक बच्चे ड्राप आउट हैं। सत्र बीतने को है, लेकिन जिम्मेदार अफसर इन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में असमर्थ रहे हैं।

### परीक्षा विभाग और मुद्रणालय के बीच झूल रही उत्तर पुस्तिकाएं

**इंदौर ।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिका की कम है। विश्वविद्यालय के पास इन दिनों सिर्फ स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा करवाने जितनी कापियां रखी है। इसके बारे में दिसंबर से गोपनीय विभाग ने जिम्मेदारों को बताया दिया था। मगर कोई भी उत्तर पुस्तिका की खरीद में गंभीरता नहीं दिखा रहा है।प्रक्रिया परीक्षा विभाग और मुद्रणालय के बीच झूल रही है। दोनों खरीद की प्रक्रिया को टालने में लगे है। जबकि अगले कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में टेंडर जारी नहीं किया जा सकता है। वहीं चुनाव संपन्न होते ही विश्वविद्यालय को स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष, स्नातकोत्तर की सेमेस्टर परीक्षाएं करवाना होगी। उस दौरान करीब 35 लाख कापियों की जरूरत पड़ेगी। हालांकि अधिकारियों ने अभी तक प्रक्रिया शुरू करने के बारे में विचार नहीं किया है। बरसों से विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिका में कागज खरीदने का काम विश्वविद्यालय का प्रेस यानी मुद्रणालय करता है। उसके बाद कापियां बनाई जाती थी। मगर पिछले दो से तीन सालों से विश्वविद्यालय ने तैयार उत्तर पुस्तिका का खरीदने में लगा है। पिछले साल भी उत्तर पुस्तिका की प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई थी। नियमों को ताक पर रखकर एजेंसी को सप्लाय का जिम्मा सौंपा

**शिकायत हो चुकी है**

शिकायत उच्च शिक्षा विभाग से लेकर राजभवन तक की गई। मगर विश्वविद्यालय ने एजेंसी को बंद नहीं किया। इस बार कापियां खरीदने को लेकर मुद्रणालय ने पहले ही पल्ला झाड़ लिया और विवाद से बचने के लिए परीक्षा विभाग से प्रक्रिया करवाने पर जोर दिया, लेकिन मुद्रणालय के जिम्मेदारों की दिलचस्पी कम नहीं हो रही है। उन्होंने एजेंसी से संपर्क करना शुरू कर दिया है। वहीं परीक्षा विभाग के काम में गलतियां निकलने में लगा है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले कुलपति के सामने परीक्षा विभाग और मुद्रणालय के अधिकारियों की बैठक हुई। यह तय हुआ कि टेंडर भले ही परीक्षा विभाग निकाले। मगर प्रक्रिया में मुद्रणालय की भूमिका भी रहेगी। इसके चलते अभी तक टेंडर नहीं हुआ है। रजिस्ट्रार अजय वर्मा का कहना है कि कापियों की खरीदने के लिए जल्द ही बैठक बुलाकर टेंडर निकाला जाएगा।

# कभी वेटर था यह शख्स, आज मस्क-बेजोस से लेकर अडानी-अंबानी तक को पछाड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस साल कमाई के मामले में अमेरिका के जेनसेन हुआंग ने दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क और एशिया के सबसे रईस मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। हुआंग की संपत्ति में गुरुवार को 9.59 अरब डॉलर का उछाल आया। उनकी कुल संपत्ति अब 69.2 अरब डॉलर हो गई है और वह अमीरों की लिस्ट में 21वें नंबर पर हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक इस साल कमाई में नंबर एक पर मार्क जुकरबर्ग हैं। उनकी संपत्ति में 64.4 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। अब जेनसेन हुआंग 25.2 अरब डॉलर की कमाई के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जेफ बेजोस अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इस साल अबतक उनकी संपत्ति में 20.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। बेजोस दुनिया के दूसरे सबसे रईस हैं। एलन मस्क इस साल कमाई में फिसड्डी हैं और टॉप लूजर की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं।

कमाई के मामले में चौथे नंबर पर दुनिया 7वें सबसे रईस व्यक्ति वॉरेन बफेट हैं। इस साल उन्होंने अपने नेटवर्थ में 18.1 अरब डॉलर जोड़ा है। गौतम अडानी की संपत्ति इस साल 18 अरब डॉलर बढ़ी है, जबकि मुकेश अंबानी की दौलत में 15.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।



**कभी वेटर थे हुआंग**

हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी के निर्माता एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है। 1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे जेन्सेन हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल की उम्र में दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। फिर उन्होंने ओनिडा एलीमेंट्री से पढ़ाई पूरी करने के बाद अलोहा हाई स्कूल से ग्रैजुएशन किया।

**कहां से आता है पैसा**

हुआंग की अधिकांश संपत्ति कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई उत्पादों के निर्माता एनवीडिया में उनकी हिस्सेदारी से मिली है। इसकी वेबसाइट के अनुसार, हुआंग ने क्रिस मैलाचोव्स्की और कर्टिस प्रीम के साथ कैलिफोर्निया स्थित कंपनी सांता क्लारा की सह-स्थापना की।

**एक दिन में कैसे उछली हुआंग की दौलत**

एनवीडिया का शेयर मूल्य 16त्न उछलकर 785.38 डॉलर हो गया, जिससे एक ही दिन में कंपनी का बाजार मूल्य 277 अरब डॉलर बढ़ गया, जिसने एक नया रिकॉर्ड बनाया। एनवीडिया का कुल मार्केट कैप अब 1.89 ट्रिलियन डॉलर है। यह टेक जाइंट माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल के बाद तीसरी सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनी बन गई है।

**फोर्ब्स की लिस्ट में बर्नार्ड अर्नाल्ट दुनिया सबसे बड़े रईस**

फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर की लिस्ट में दुनिया के सबसे अमीर शख्स बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं। इन्होंने एलन मस्क से यह रुतबा छीना है। फोर्ब्स के मुताबिक इस समय अर्नाल्ट की कुल संपत्ति 228.3 अरब डॉलर है। दूसरे नंबर पर खिसके एलन मस्क के पास 207.5 अरब डॉलर का नेटवर्थ है।

## दो साल में एमएसपी पर जरूरत से दोगुना ज्यादा हुई अनाज की खरीद




**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पूर्व नए सिरे से शुरू हुए किसान आंदोलन को खत्म करने के लिए सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग नहीं मानेगी। एक मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि देश में खाद्य तेल, दलहन और मोटे अनाज की खेती का चलन बढ़े। सरकार का कहना है कि वह बीते दो साल से खाद्य सुरक्षा कानून के लिए जरूरी 350 लाख टन से दोगुना अनाज एमएसपी पर खरीद रही है। दूसरी ओर विशेषज्ञों का मानना है कि एमएसपी की व्यवस्था के कारण देश की खेती न सिर्फ गेहूं-चावल तक केंद्रित हो कर रह गई है, बल्कि इस व्यवस्था के दायरे से 80 फीसदी किसान बाहर हैं। विशेषज्ञ इस व्यवस्था को खत्म कर खुले व्यापार की छूट देने के साथ तभी एमएसपी के तहत खरीद की वकालत कर रहे हैं ।

# देश के सबसे महंगे इलाके में रिलायंस और टाटा के बीच चल रही स्पेस वॉर

**पूरे देश में रिलायंस के पास टाटा से तीन गुना रिटेल स्पेस**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के दो सबसे बड़े औद्योगिक घरानों टाटा ग्रुप और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बीच मुंबई के प्रीमियम रिटेल रियल एस्टेट में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा कब्जाने की होड़ मची है। टाटा ग्रुप की कंपनियों जारा, स्टारबक्स, वेस्टसाइड और टाइटन के पास पूरे देश में करीब 2.5 करोड़ वर्ग फीट रिटेल स्पेस है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास 100 से अधिक लोकल और ग्लोबल ब्रांड्स के पास 7.3 करोड़ वर्ग फीट स्पेस है। यह टाटा ग्रुप की तुलना में करीब तीन गुना है। लेकिन मुंबई में दोनों के बीच कांटे का मुकाबला है। देश की आर्थिक राजधानी में इन दोनों ग्रुपों में से प्रत्येक के पास करीब 30 लाख वर्ग फीट रिटेल स्पेस है। मुंबई में रिटेल रियल एस्टेट को देश में सबसे महंगा माना जाता है और दोनों ग्रुप मुंबई में ज्यादा से ज्यादा रिटेल स्पेस लेना चाहते हैं।

स्ट्रैटजी कंसल्टिंग फर्म थर्ड आई के फाउंडर देवांग्शू दत्ता ने कहा कि मॉडर्न रिटेल एनवायरमेंट में ज्यादा विजिबल लोकेशन्स में ज्यादा सफल या बड़े ब्रांड्स हैं।





**क्या कहते हैं जानकार**

कमर्शियल रियल एस्टेट कंसल्टेंट्स नाइट फ्रैंक इंडिया के डायरेक्टर (रिटेल) अभिषेक शर्मा ने कहा कि देश के रिटेल सेक्टर में इन कंपनियों की 40 से 45 फीसदी हिस्सेदारी है। किसी भी मॉल में इनके पास 40 से 45 फीसदी स्पेस हो सकता है। संभव है कि इन ग्रुप्स को वरीयता दी जाती है लेकिन इसके डायनैमिक्स बहुत कॉम्प्लेक्स हैं। डेवलपर्स को इन बड़े ब्रांड्स की डिमांड और डाइवर्स टेनेंट मिक्स के बीच संतुलन बनाना होगा। टाटा ग्रुप ने 1980 के दशक के आखिर में रिटेल में एंट्री मारी थी। इसकी शुरुआत टाइटन वॉच स्टोर्स के रूप में हुई थी। एक दशक बाद ग्रुप ने डिपार्टमेंट स्टोर वेस्टसाइट लॉन्च किया था। टाटा ग्रुप के देशभर में करीब 4,600 स्टोर हैं।

# आरटीई के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये समय-सारणी जारी, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**इंदौर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के ऑनलाइन निश्शुल्क प्रवेश के लिये समय-सारणी जारी की गई है।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि 23 फरवरी से 3 मार्च, 2024 तक www.education-portal.mp.gov.in/rte पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। पोर्टल पर त्रुटि सुधार के लिये विकल्प उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदक 24 फरवरी से 5 मार्च तक पावती डाउनलोड और मूल दस्तावेजों का केन्द्रों में सत्यापन करा सकेंगे। आरटीई के तहत 7 मार्च, 2024 को पारदर्शी रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी आयोजित करते हुए आवेदकों को स्कूल आवंटित किया जायेगा। आवेदकों को एसएमएस से भी सूचित किया जायेगा। लॉटरी में चयनित आवेदक 11 मार्च से 19 मार्च, 2024 तक आवंटन-पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में प्रवेश पा सकेंगे। प्रवेश लेते समय ही संबंधित प्रायवेट स्कूल द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्ट भी दर्ज की जायेगी। प्रथम चरण की प्रक्रिया समाप्त होते ही द्वितीय चरण में प्रवेश के लिये प्रक्रिया शुरू की जायेगी। पोर्टल पर 21 मार्च, 2024 को रिक्त सीटों को प्रदर्शित किया जायेगा। द्वितीय चरण में 22 से 26 मार्च तक स्कूलों की च्वाइस अपडेट की जा सकेगी। द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी 28 मार्च को होगी और स्कूलों का आवंटन किया जायेगा। द्वितीय चरण में लॉटरी से चयनित आवेदक 30 मार्च से 5 अप्रैल, 2024 के बीच आवंटन-पत्र डाउनलोड कर आवंटित स्कूल में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने सभी कलेक्टर को पूर्ण पारदर्शी तरीके से नियत समय में यह कार्य सम्पादित किये जाने के निर्देश जारी किये हैं।

# आटा-चावल बेच कर पहुंचा दिया 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का टर्नओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोई-कोई सोचते हैं आटा-चावल-चीनी बेच कर कितना कमा लेंगे। यहां तक बोलते हैं कि कितना का माल बेच लेंगे। लेकिन हम आपको दिल्ली एनसीआर के स्टार्टअप पोषण के बारे में बता रहे हैं। यह स्टार्टअप सिर्फ आटा, चावल, चीनी और खाना पकाने का तेल बेचने का धंधा करता है। और साल में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का माल बेच लेता है। हाल ही में कंपनी ने तरल दूध भी बेचना शुरू किया है। इसमें भी वह महीने में 60 करोड़ रुपये का धंधा करता है। जी हां, आप सही समझे। आज की सक्सेस स्टोरी में हम आपको कानपुर जैसे छोटे से शहर से निकल कर आए शशांक सिंह की कहानी बता रहे हैं। उन्होंने बिट्स पिलानी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद आईआईएम कोलकाता से एमबीए किया है। इसके बाद कई एमएनसीज में अच्छे तनख्वाब पर नौकरी की। लेकिन यह सब पसंद नहीं आया तो अपना स्टार्टअप खोल लिया।

शशांक बताते हैं कि इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद ही वह मिशेलिन जैसी एमएनसी में नौकरी कर ली। वहां तीन साल तक नौकरी भी की। लेकिन मन में तो कुछ और करने का धुन था। इसलिए एमबीए की पढ़ाई के लिए कॉमन एडमिशन टेस्ट दे दिया। उसमें सेलेक्शन हो गया और कोलकाता स्थित इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट में दाखिला मिल गया। वहां से पढ़ाई पूरी करने के बाद तो और अच्छे पैकेज की नौकरी मिली। कंपनी भी उबर और विप्रो जैसी। लेकिन वहां मन नहीं लगा। इस बीच दुनिया भर में कोरोना का कहर बरपा। तब पता चला कि जीवन में कुछ हो ना हो, आटा-चावल की सप्लाई बनी रहे तो ज्यादा दिक्कत नहीं है। फिर नौकरी से इस्तीफा दे कर अपने एक मित्र भुवनेश गुप्ता के साथ मिल कर पोषण ब्रांड नाम से एक स्टार्टअप खोल लिया।



शशांक सिंह का कहना है कि उनका स्टार्टअप ज्यादा कमोडिटी में काम नहीं करता। उसका फोकस सिर्फ चार चीजों पर है। एक तो गेहूं का आटा, दूसरा चावल, तीसरी कमाडिटी है चीनी और चौथी कमोडिटी है खाना पकाने का तेल। वह बताते हैं कि एडिबल ऑयल में वह सरसों तेल से लेकर सोयाबीन तेल, पॉम ऑयल, सनफ्लावटर ऑयल आदि में काम काम करते हैं। इन चीजों को वह बड़ी कंपनियों या मिलर से माल उठा कर बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर, बड़े डिस्ट्रीब्यूटर या बड़े होलसेलर को बेचते हैं।

वह बताते हैं कि उनके ग्राहकों की लिस्ट लगातार बढ़ती ही जा रही है। इनमें रिलायंस रिटेल, लॉट्स होलसेल, डी शेयर, बिग बॉस्केट, जेप्टो, सिटी मॉल जैसी बड़ी डिपार्टमेंटल स्टोर या ई-कामर्स स्टोर चलाने वाली कंपनियां तो हैं ही, बनिए की दुकान जैसे स्टैंड अलोन होलसेलर भी शामिल हैं। उनका कहना है कि पोषण का एवरेज टिकट साइज दो लाख रुपये का होता है। इसलिए छोटे व्यापारी को वह कैटर नहीं कर पाते। उनका सीधा सा हिसाब है, ट्रक भर कर माल लो तो धंधा करेंगे। यदि इतना नहीं ले सकते तो कम से कम आधा ट्रक तो लेना ही होगा। यदि इतना नहीं ले सकते तो फिर उस व्यापारी से धंधा नहीं हो सकता।

पोषण पहले सिर्फ ग्रोसरी के धंधे में ही थी। पिछले 18 महीने से यह स्टार्टअप लिक्विड मिल्क या तरल दूध के धंधे में आ गई है। ग्रामीण इलाकों में दूध के किसानों से दूध इकट्ठा कर चिलिंग सेंटर में लिक्विड मिल्क जमा करने वाली छोटी कंपनियों से यह स्टार्टअप दूध लेती है और उसे परम, पारस, गोवर्द्धन जैसी बड़ी कंपनियों को सप्लाई करती है। अब तो कंपनी का हर महीने करीब 60 करोड़ रुपये का कारोबार लिक्विड मिल्क का ही हो गया है।

**किन राज्यों में चलता है कारोबार**

जब इस स्टार्टअप की शुरुआत हुई थी तो इसका कार्यक्षेत्र सिर्फ दिल्ली और एनसीआर ही था। अब इसका विस्तार दिल्ली और एनसीआर के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और महाराष्ट्र के कुछ इलाकों तक फैल गया है। यह तो हुई ग्रोसरी की बात। लिक्विड मिल्क की बात करें तो यह सिर्फ उत्तर प्रदेश और हरियाणा में है। थोड़ा बहुत दूध का काम महाराष्ट्र में भी करते हैं। कंपनी का इरादा धीरे-धीरे देश के अन्य इलाकों में भी पहुंचने का है।

**स्टोरेज नहीं करती कंपनी**

शशांक का कहना है कि वह टेक्नोलोजी कंपनी चलाते हैं, वेयर हाउस नहीं। इसलिए कोई भी सामाना का स्टोरेज नहीं करते। जैसे ही किसी कंपनी या प्रतिष्ठान से आर्डर आया, तुरंत ही उसके सप्लायर कंपनी से कंसल्ट करते हैं। यदि रेट पर बात बन गई तो सप्लायर कंपनी से माल उठवा कर खरीदार कंपनी के यहां डलवा दिया जाता है।

# Nokia, IISC team u to research 6G use cases

Nokia on Friday said it is partnering with the Indian Institute of Science (IISc) to jointly research {G technologies and {G use cases that will have a direct societal impact in India. According to a release, Nokia and IISc will work together in Nokia's newly opened {G Lab in Bengaluru, where they will pursue three key areas of research. These are {G radio technologies, {G architecture, and the application of machine learning into the {G air interface. "Nokia announced today it is e&panding its {G commitment to India by partnering with the Indian Institute of Science (IISc) to jointly research {G technologies and {G use cases that will have a direct societal impact in India," the release said. The collaboration will develop reference architectures, software frameworks and algorithms, with the aim of contributing their joint research to the {G technology and standards ecosystem. The nature of the research is global, but Nokia and IISc will place special focus on {G use cases that address areas of particular importance to India. These include creating more sustainable and energy-efficient communications systems, improving resiliency and reliability of networks for critical communications, and using AI and developing 'Network as Sensor' technologies to improve transportation safety, augment healthcare and increase access to education. By focusing on these use cases, Nokia and IISc will help shape the evolution of cellular infrastructure to meet the societal needs of large and developing countries like India, while contributing to the global {G ecosystem as a whole. "India has become a global powerhouse in communications innovation and is playing a key role in the development of {G," it said. In October w®wx, Nokia opened the {G Lab at its global research and development centre in Bengaluru. The facility aims to accelerate the development of fundamental technologies and innovative use cases underpinned by {G technology as well as foster collaboration between Nokia and India's academic community. The collaboration with IISc is the first such partnership to emerge from the lab. It combines the academic strength of the prominent research institution in India with Nokia's e&pertise in introducing cutting-edge mobile technology to the world at scale.

# विद्यार्थी उच्च शिक्षा ऋण गारंटी योजना का लाभ लें

**विद्यार्थी विभाग एवं बैंक के माध्यम से भी कर सकते हैं आवेदन**

**इंदौर।** निम्न आय वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता मिलेगी। विद्यार्थियों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देश अनुसार उच्च शिक्षा के लिए बैंक से 4 लाख रूपये तक के ऋण के लिए किसी प्रकार की कोलेट्रल सिक्युरिटी नही देना होगी। शिक्षा ऋण प्राप्त करने में कठिनाई होती है क्योंकि बैंकों द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक ऋण प्राप्त करने पर कोलेट्रल सिक्युरिटी मांगी जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक व्दारा जारी निर्देश अनुसार वर्तमान में उच्च शिक्षा के लिए बैंक से ऋण प्राप्त करने पर 4 लाख रूपये तक के ऋण के लिए किसी प्रकार की कोलेट्रल सिक्युरिटी की आवश्यकता नहीं होती। इससे अधिक राशि के ऋण के लिए बैंक द्वारा कोलेट्रल सिक्युरिटी लिये जाने का प्रावधान है। निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों के परिवार द्वारा उनके पास भूमि, भवन आदि नहीं होने से कोलेट्रल सिक्युरिटी दी जाना संभव नहीं होता है। ऐसे गरीब मेघावी विद्यार्थी जिन्हें उच्च शिक्षा के लिए ऋण की आवश्यकता है उन्हें इस योजना से राज्य सरकार की गारंटी पर बैंकों से शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जा सकता है।

योजना का नोडल विभाग संस्थागत वित्त है

योजना का स्वरूप एवं क्रियान्वयन करने वाले विभाग योजना का क्रियान्वयन तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, आयुष एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जायेगा। योजना में विभिन्न पाठ्यक्रमों में उच्च शिक्षा के लिये ऋण प्राप्त करने के लिए शासन के तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, आयुष एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उनसे संबंधित अधिसूचित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए गारंटी दी जायेगी। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 200 विद्यार्थियों के प्रकरणों के लिए गारंटी दी जा सकेगी। विभाग-वार विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण के लिए दी जाने वाली गारंटी की संख्या का निर्धारण वित्त विभाग व्दारा किया गया है। इसमें विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए ऋण भी सम्मिलित रहेंगे, परंतु ऐसे विद्यार्थियों की संख्या विभाग के लिए निर्धारित संख्या की कुल संख्या के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

**आवेदन की प्रक्रिया**

उच्च शिक्षा के लिए गारंटी योजना में ऐसे विद्यार्थी पात्र होंगे जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 5 लाख रूपये से अधिक न हो। विद्यार्थी को बैंक से ऋण के लिये आवेदन संबंधित बैंक द्वारा निर्धारित प्रारूप में करना होगा। साथ ही कालेट्रल सिक्युरिटी के लिए शासकीय प्रत्याभूमि जारी करने के लिए निर्धारित प्रारूप में दस्तावेजों के साथ पृथक आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना होगा। विद्यार्थी अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी को आवेदन-पत्र प्रस्तुत करेंगे। विद्यार्थी संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी को सीधे आवेदन पत्र देगा।



# माघ पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी इन उपाय से होंगी प्रसन्न

**24 फरवरी को है माघ मास का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा। इस दिन स्नान, दान और तर्पण का खास महत्व होता है। इस दिन खास उपाय करके माता लक्ष्मी को प्रसन्न किया जा सकता है।**

- **स्नान :** पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु सहित देवी लक्ष्मी की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है।
- **मंत्र जाप :** पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। माघ माह में श्रीहरि भगवान विष्णु की माता लक्ष्मी के साथ पूजा करना चाहिए। इससे घर में सुख, शांति, धन और समृद्धि बनी रहती है।
- **पीली सामग्री करें दान :** इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित कर खीर का भोग लगाने से वे प्रसन्न होती हैं।
- **दीपदान :** माघ पूर्णिमा या किसी विशेष दिन पर नदी तट पर या नदी में दीपदान करने को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे देवी और देवता प्रसन्न होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। तुलसी के नीचे घी का दीया जलाने से भी मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।
- **श्रीसूक्त का पाठ :** माघ पूर्णिमा के दिन देवी लक्ष्मी की विधिवत पूजा करके श्रीसूक्त का पाठ करना चाहिए। इससे देवी लक्ष्मी प्रसन्न होकर जातक को आशीर्वाद देती हैं।



# माघ पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान से मिलती है भगवान श्री विष्णु की कृपा

**ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवता स्वर्ग से नीचे उतरकर प्रयाग स्थित गंगा में स्नान करते हैं। इसीलिए इस दिन स्नान माघ मास या माघ पूर्णिमा को संगम में स्नान का बहुत महत्व है।**

## दान का मिलता 32 गुना फल

माघ पूर्णिमा के दिन दान-दक्षिणा देने से 32 गुना फल मिलता है। इसलिए इसे माघी पूर्णिमा के अलावा बत्तिसी पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन कंबल, वस्त्र, तिल, अन्न, घी, नमक, गुड़, पांच तरह के अनाज, गाय आदि का दान करने से हजार गुना पुण्य की प्राप्ति होती है। दान करने से सभी तरह के संकट मिट जाते हैं और जातक मोक्ष को प्राप्त करता है।

माघ कृष्ण द्वादशी को यम ने तिलों का निर्माण किया और दशरथ ने उन्हें पृथ्वी पर लाकर खेतों में बोया था। अतएव मनुष्यों को उस दिन उपवास रखकर तिलों का दान कर तिलों को ही खाना चाहिए। माघ पूर्णिमा या किसी विशेष दिन पर नदी तट पर या नदी में दीपदान करने को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे देवी और देवता प्रसन्न होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवता स्वर्ग से नीचे उतरकर प्रयाग स्थित गंगा में स्नान करते हैं। इसीलिए इस दिन स्नान माघ मास या माघ पूर्णिमा को संगम में स्नान का बहुत महत्व है। संगम नहीं तो गंगा, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा, कृष्णा, क्षिप्रा, सिंधु, सरस्वती, ब्रह्मपुत्र आदि पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। माघी पूर्णिमा पर गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों तथा सरोवर तट पर स्नान करके तिलांजलि देना चाहिए तथा पितृ तर्पण करना चाहिए।

स्नान करने से सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है। पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं। माघ पूर्णिमा के दिन चंद्रमा को खीर अर्पित करने से चंद्रदेव की कृपा प्राप्त होती है।

# माघ पूर्णिमा के दिन स्नान, दान और तर्पण का महत्व

24 फरवरी 2024 को है माघ पूर्णिमा। आओ जानते हैं स्नान और दान का महत्व। माघ की पूर्णिमा के दिन संत रविदास जयंती, श्री ललित और श्री भैरव जयंती मनाई जाती है। माघ पूर्णिमा के दिन निम्नलिखित 5 कार्य करने से पापों का नाश होता है और धन लाभ होता है।


- **स्नान का महत्व** : ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवता स्वर्ग से नीचे उतरकर प्रयाग स्थित गंगा में स्नान करते हैं। इसीलिए इस दिन स्नान माघ मास या माघ पूर्णिमा को संगम में स्नान का बहुत महत्व है। संगम नहीं तो गंगा, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा, कृष्णा, क्षिप्रा, सिंधु, सरस्वती, ब्रह्मपुत्र आदि पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए।
- **दान का महत्व** : इस दिन दान-दक्षिणा का बत्तीस गुना फल मिलता है। इसलिए इसे माघी पूर्णिमा के अलावा बत्तिसी पूर्णिमा भी कहते हैं।
- **तर्पण का महत्व** : माघी पूर्णिमा पर गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों तथा सरोवर तट पर स्नान करके तिलांजलि देना चाहिए तथा पितृ तर्पण करना चाहिए।

## फायदे

- स्नान करने से सभी तरह के पापों का नाम हो जाता है।
- दान करने से सभी तरह के संकट मिट जाते हैं और जातक मोक्ष को प्राप्त करता है।
- पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं।

इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है।

- पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं।
- माघ पूर्णिमा के दिन चंद्रमा को खीर अर्पित करने से चंद्रदेव की कृपा प्राप्त होती है।





# माघ पूर्णिमा के दिन धरती पर आते हैं देवता

**माघी पूर्णिमा के दिन संगम पर माघ-मेले में जाने और स्नान करने का विशेष महत्व है। पुराणों के अनुसार माघ माह में पूर्णिमा के दिन देवता धरती पर आते हैं और गंगा में स्नान करते हैं। इस शुभ संयोग में दान-पुण्य और मंत्र से करें उन्हें प्रसन्न।**

ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवता स्वर्ग से नीचे उतरकर प्रयाग स्थित गंगा में स्नान करते हैं। इसीलिए इस दिन स्नान माघ मास या माघ पूर्णिमा को संगम में स्नान का बहुत महत्व है। संगम नहीं तो गंगा, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा, कृष्णा, क्षिप्रा, सिंधु, सरस्वती, ब्रह्मपुत्र आदि पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए क्योंकि मान्यता है इस माह में सभी नदियों का जल गंगा के समान पवित्र हो जाता है। स्नान करने से सभी तरह के पापों का नाशो जाता है। पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। माघी पूर्णिमा पर गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों तथा सरोवर तट पर स्नान करके तिलांजलि देना चाहिए तथा पितृ तर्पण करना चाहिए।

## माघ पूर्णिमा का मंत्र

पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं।

- ऊँ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।'
- ऊँ श्रींह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं  महालक्ष्मी नमः।।
- ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन धान्याधिपतये, धन धान्य समृद्धिं मे देहि दापय स्वाहा।।'
- ऊँ विष्णवे नमः। ऊँ हूं विष्णवे नमः। ऊँ नमो नारायण। ऊँ वासुदेवाय नमः।
- ऊँ नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णु प्रचोदयात।।
- ऊँ शिवाय नमः।
- ऊँ सों सोमाय नमः।
- ऊँ श्रां श्रीं श्रौं चन्द्रमसे नमः।
- ऊँ स्रां स्रीं स्रौं सः चन्द्रमसे नमः।

## स्नान मंत्र

ऊँ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।
नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु।।

श्लोकार्थ : गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा माँ, सिंधु और माँ कावेरी। आप सभी तीर्थ मेरे पानी में आइए में आपका आवाहन करता हूं। मेरे इस पानी को पवित्र जल बनाओ ताकि में इसमें स्नान कर अपने सभी पापों का विनाश कर सकूं।



# अच्छी सेहत के लिए जरूरी है हवन

कई शोध ये बात साबित कर चुके है कि हवन न केवल वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने हैं, बल्कि अच्छी सेहत के लिए भी जरूरी है। हवन के धुएं से प्राण में संजीवनी शक्ति का संचार होता है। हवन के माध्यम से बीमारियों से छुटकारा पाने का जिक्र ऋग्वेद में भी है। हवन के लिए पवित्रता की जरूरत होती है ताकि सेहत के साथ उसकी आध्यात्मिक शुद्धता भी बनी रहे। हवन करने से पूर्व स्वच्छता का ख्याल रखें। हवन के लिए आम की लकड़ी, बेल, नीम, पलाश का पौधा, कलीगंज, देवदार की जड़, गूलर की छाल और पत्ती, पीपल की छाल और तना, बेर, आम की पत्ती और तना, चंदन की लकड़ी, तिल, जामुन की कोमल पत्ती, अश्वगंधा की जड़, तमाल यानि कपूर, लौंग, चावल, ब्राम्ही, मुलैठी की जड़, बहेड़ा का फल और हर्रे तथा घी, शकर जौ, तिल, गुगल, लोभान, इलायची एवं अन्य वनस्पतियों का बूरा उपयोगी होता है। हवन के लिए गाय के गोबर से बनी छोटी-छोटी कटोरियां या उपले घी में डूबो कर डाले जाते हैं। हवन से हर प्रकार के 94 प्रतिशत जीवाणुओं का नाश होता है, अतः घर की शुद्धि तथा सेहत के लिए प्रत्येक घर में हवन करना चाहिए। हवन के साथ कोई मंत्र का जाप करने से सकारात्मक ध्वनि तरंगित होती है, शरीर में ऊर्जा का संचार होता है, अतः कोई भी मंत्र सुविधानुसार बोला जा सकता है।

# माघी पूर्णिमा का क्यों है महत्व, पौराणिक कथा देती है खुशियों का आशीर्वाद

**24 फरवरी 2024 को है माघ पूर्णिमा। यह माघ मास का अंतिम दिन होता है इसके बाद फाल्गुन मास लग जाएगा। आओ जानते हैं कि क्या है माघ पूर्णिमा का महत्व और इसकी कथा।**

## माघ पूर्णिमा का महत्व

माघी पूर्णिमा के दिन संगम पर माघ-मेले में जाने और स्नान करने का विशेष महत्व है। पुराणों के अनुसार माघ माह में पूर्णिमा के दिन देवता धरती पर आते हैं और गंगा में स्नान करते हैं। इस शुभ संयोग में दान-पुण्य और मंत्र से करें उन्हें प्रसन्न किया जाता है। पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। माघी पूर्णिमा पर गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों तथा सरोवर तट पर स्नान करके तिलांजलि देना चाहिए तथा पितृ तर्पण करना चाहिए। इस दिन दान-दक्षिणा का बत्तीस गुना फल मिलता है। इसलिए इसे माघी पूर्णिमा के अलावा बत्तिसी पूर्णिमा भी कहते हैं। दान करने से सभी तरह के संकट मिट जाते हैं और जातक मोक्ष को प्राप्त करता है। पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं।

प्रयागे माघमासे तुत्र्यहं स्नानस्य यद्रवेत।
दशाश्वमेघसहस्त्रेण तत्फलं लभते भुवि।।

प्रयाग में माघ मास के अन्दर तीन बार स्नान करने से जो फल होता है वह फल पृथ्वी में दस हजार अश्वमेघ यज्ञ करने से भी प्राप्त नहीं होता है।

माघे निमग्नाः सलिले सुशीते विमुक्तपापास्त्रिदिवं प्रयान्ति।'


पद्मपुराण में माघ मास के माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा गया है कि पूजा करने से भी भगवान श्रीहरि को उतनी प्रसन्नता नहीं होती, जितनी कि माघ महीने में स्नान मात्र से होती है। इसलिए सभी पापों से मुक्ति और भगवान वासुदेव की प्रीति प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मनुष्य को माघ स्नान करना चाहिए।

## माघ पूर्णिमा व्रत की पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के मुताबिक नर्मदा नदी के तट पर शुभव्रत नामक विद्वान ब्राह्मण रहते थे, लेकिन वे काफी लालची थे। इनका लक्ष्य किसी भी तरह धन कमाना था और ऐसा करते-करते ये समय से पूर्व ही वृद्ध दिखने लगे और कई बीमारियों की चपेट में आ गए। इस बीच उन्हें अंर्तज्ञान हुआ कि उन्होंने पूरा जीवन तो धन कमाने में बीता दिया, अब जीवन का उद्धार कैसे होगा। इसी क्रम में उन्हें माघ माह में स्नान का महत्व बताने वाला एक श्लोक याद आया। इसके बाद स्नान का संकल्प लेकर ब्राह्मण नर्मदा नदी में स्थान करने लगे। करीब 9 दिनों तक स्नान के बाद उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गई और मृत्यु का समय आ गया। वे सोच रहे थे कि जीवन में कोई सत्कार्य न करने के कारण उन्हें नरक का दुख भोगना होगा, लेकिन वास्तव में मात्र 9 दिनों तक माघ मास में स्नान के कारण उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।

## पूर्णिमा व्रत की कथा

कंतिका नगर में धनेश्वर नाम के ब्राह्मण अपना जीवन भिक्षा मांगकर अपना जीवन निर्वाह था। उसकी कोई संतान नहीं थी। एक दिन उसकी पत्नी नगर में भिक्षा मांगने गई, परंतु सभी ने उसे बांझ कहकर भिक्षा देने से इनकार कर दिया। फिर किसी ने ब्राह्मण दंपत्ति को 16 दिन तक मां काली की पूजा करने को कहा। उन्होंने विधिवत पूजा करके आराधना की और तब उनकी आराधना से प्रसन्न होकर मां काली ने दोनों को संतान प्राप्ति का वरदान दिया और कहा कि अपने सामर्थ्य के अनुसार प्रत्येक पूर्णिमा को तुम दीपक जलाओ। इस तरह हर पूर्णिमा के दिन तक दीपक बढ़ाते जाना है जब तक कम से कम 32 दीपक न हो जाएं। इसके बाद ब्राह्मण ने अपनी पत्नी को पूजा के लिए पेड़ से आम का कच्चा फल तोड़कर दिया और उसकी पत्नी ने पूजा की और फलस्वरूप वह गर्भवती हो गई। एक पुत्र ने जन्म लिया, जिसका नाम देवदास रखा। देवदास जब बड़ा हुआ तो उसे अपने मामा के साथ पढ़ने के लिए काशी भेजा। काशी में धोखे से देवदास का विवाह हो गया। देवदास ने कहा कि वह अल्पायु है परंतु फिर भी जबरन उसका विवाह करवा दिया गया। कुछ समय बाद काल उसके प्राण लेने आया लेकिन ब्राह्मण दंपत्ति ने पूर्णिमा का व्रत रखा था, इसलिए काल उसका कुछ बिगाड़ नहीं पाया। तभी से कहा जाता है कि पूर्णिमा के दिन व्रत करने से संकट से मुक्ति मिलती है और सभी मनोकामनाएं।



दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, शनिवार 24 फरवरी, 2024



# ओलंपियन दीपिका ने मां बनने के बाद की वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां एशिया कप के पहले चरण में छह टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचे जिससे उन्होंने कम से कम इतने पदक पक्के कर दिए। इसमें दुनिया की पूर्व नंबर एक महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी भी शामिल हैं जो 20 महीने बाद वापसी कर रही हैं। तीन बार की

## भारतीय तीरंदाज एशिया कप की छह स्पर्धाओं के फाइनल में

ओलंपियन दीपिका मां बनने के बाद वापसी कर रही हैं। वह महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में सिमरनजीत कौर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। धीरज बोमादेवारा, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की पुरुष रिकर्व टीम ने मेजबानों को सीधे सेट में पराजित किया और फाइनल में उनका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के प्रथमेश जावकर, प्रियांश और कुशाल दलाल ने सेमीफाइनल में मेजबान इराक को 233-223 से हराकर पुरुष कंपाउंड टीम के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें वे ईरान के सामने होंगे। अदिति स्वामी, प्रिया गुर्जर और परनीत कौर की टीम ने कम्पाउंड महिला टीम स्पर्धा में अफगानिस्तान को 234-210 से मात दी और फाइनल में टीम ईरान से भिड़ेगी।जावकर और अदिति की कंपाउंड मिश्रित टीम जोड़ी ने अंतिम चार चरण में बांग्लादेश को 157-146 से हराया और फाइनल में उनका सामना ईरान से होगा।

### इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# रांची टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड ने बनाए 302/7



**रांची, एजेंसी।** रांची टेस्ट में पहले दिन का खेल खत्म हो चुका है। इंग्लैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 302 रन बना लिए। जो रूट 31वां टेस्ट शतक लगाकर ओली रोबिनसन के साथ नॉटआउट लौटे। उन्होंने 106 रन बनाए। भारत से डेब्यू मैच खेल रहे आकाश दीप ने 3 विकेट लिए। 2 सफलताएं मोहम्मद सिराज को मिलीं, वहीं रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया।

पहले दिन के तीसरे सेशन में इंग्लैंड ने 2 ही विकेट गंवाए। जो रूट ने अपना शतक पूरा किया। उनके सामने बेन फोक्स और टॉम हार्टले आउट हो गए। दोनों को मोहम्मद सिराज ने पवेलियन भेजा। सेशन में इंग्लैंड ने 29 ओवर बैटिंग कर 104 रन बनाए।

इंग्लैंड ने रांची में पहले दिन का खेल खत्म होने तक 7 विकेट के नुकसान पर 302 रन बना लिए। जो रूट 106 और ओली रोबिनसन 31 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। तीसरे सेशन में टीम ने 104 रन बनाए और 2 विकेट गंवाए।

## जो रूट के 19 हजार इंटरनेशनल रन पूरे

इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट ने 19 हजार इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 342 मैच में यह अचीवमेंट हासिल की। रूट से पहले विराट कोहली 399, सचिन तेंदुलकर 432, ब्रायन लारा 433, रिकी पोंटिंग 444, जैक कैलिस 458 और एबी डिविलियर्स 463 पारियों में 19 हजार इंटरनेशनल रन तक पहुंचे थे। जो रूट ने भारत के खिलाफ टेस्ट में 10वां शतक लगाया। इसी के साथ वह टीम इंडिया के खिलाफ सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले बैटर भी बन गए।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा, जिन्होंने भारत के खिलाफ 9 टेस्ट शतक लगाए हैं।

### यौन उत्पीड़न का मामला

# फुटबॉलर दानी अल्वेस को हुई 4.5 साल की जेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील और बार्सिलोना एफसी के पूर्व फुटबॉलर दानी अल्वेस को बार्सिलोना नाइट क्लब में एक महिला से बलात्कार का दोषी पाया गया है। उन्हें 4.5 साल जेल की सजा सुनाई गई है। 40 वर्षीय फुटबॉलर ने 31 दिसंबर 2022 की सुबह महिला के साथ यौन उत्पीड़न से इनकार किया था और वह सजा के खिलाफ अपील कर सकते हैं। एक बयान में अदालत ने कहा कि पीड़िता की गवाही के अलावा अन्य सबूत भी हैं, जो साबित करते हैं कि उसके साथ बलात्कार किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार दानी अल्वेस को पीड़ित को €150,000 का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया।

अल्वेस, जिन्हें जनवरी 2023 से प्री-ट्रायल हिरासत में रखा गया है। अल्वेस ने इस महीने के परीक्षण के दौरान कई बार अपनी गवाही बदली है। प्रारंभ में उन्होंने अपने आरोप लगाने वाले के साथ किसी भी परिचित होने से इनकार किया, लेकिन बाद में कहा कि वे टॉयलेट में एक-दूसरे से मिले थे। इसके बाद उन्होंने अपने बयान को एक बार फिर बदला और दावा किया कि वे सहमति से एक दूसरे के साथ सेक्सुअल एक्टिविटी में शामिल थे।

पीड़िता ने वकीलों को बताया कि अल्वेस और उसके दोस्त ने तीन युवतियों के लिए शैंपेन खरीदी थी और उनमें से एक को टॉयलेट वाले दूसरे क्षेत्र में अपने साथ चलने के लिए कहा था जिसके बारे में उसे नहीं पता था। फिर, महिला ने यह भी बताया कि अल्वेस बार-बार मना करने के बावजूद भी उन्हें जबरदस्ती अपने साथ ले गए और यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।

### पूर्व क्रिकेटर बोले- ये तो सिर्फ....



# धोनी कब लेंगे आईपीएल से संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय विकेट कीपर और मौजूदा कमेंटेटर पार्थिव पटेल का कहना है कि केवल एमएस धोनी ही उनके इंडियन प्रीमियर लीग के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा सकते हैं। आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत से पहले ही इस बात की चर्चा है कि क्या ये माही का बतौर खिलाड़ी आखिरी आईपीएल होगा, क्या वह आखिरी बार चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी में फैंस का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे? धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले साल अपना 5वां आईपीएल खिताब जीता था।

अब सीएसके आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा 5 खिताब जीतने वाली संयुक्त रूप से पहली टीम बन गई है। उनके अलावा मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में इतने टाइटल जीते हैं। बात धोनी की करें तो पिछले साल भी उनके संन्यास की अटकलें जोरों पर थी, मगर माही ने आईपीएल 2024 में खेलने की इच्छा जताई। हालांकि 42 साल के धोनी के लिए बतौर खिलाड़ी ये आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है। धोनी के संन्यास को लेकर पार्थिव पटेल ने जियोसिनेमा पर कहा, हर 10 महीने में एक बार खेलने के लिए आते हुए, हर बार हम इस बारे में बात करते हैं कि ये दो महीने उनके (धोनी) क्रिकेट के आखिरी महीने हैं...यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब केवल वह ही दे सकते हैं।

पार्थिव ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की कमी को देखते हुए यह सीजन एमएस धोनी की बल्लेबाजी क्षमता के लिए एक और बड़ी परीक्षा साबित होगी। धोनी ने आईपीएल के पिछले सीजन में खेले 16 मैचों में 26 की औसत के साथ सिर्फ 104 रन ही बनाए थे। हालांकि, धोनी ने सीजन में 182.46 के स्ट्राइक रेट के साथ कुछ प्रभावशाली पारियां खेलीं थी। धोनी बैटिंग में थोड़े पिछड़े जरूर नजर आए थे, मगर उनकी कप्तानी नंबर-1 थी। यही वजह है सीएसके रिकॉर्ड 5वीं बार चैंपियन बना था।

# एशियाई ट्रैक साइकिलिंग भारत का जलवा, पैरा साइकिलिस्टों ने दिलाए दो स्वर्ण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय साइकिलिस्टों ने गुरुवार को एशियाई साइकिलिंग चैंपियनशिप के पैरा वर्ग में स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। जूनियर और सीनियर रायडर पदक जीतने में सफल नहीं रहे। आईजी स्टेडियम वेलड्रोम में पैरा वर्ग के सी2 15 किलोमीटर स्क्रैच में भारत के अरशद शेख ने अपने ही साथी जलालुद्दीन अंसारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जलालुद्दीन को रजत मिला। वहीं पैरा वर्ग में ही महिलाओं की इवेंट में भारत की ज्योति गदेरिया ने स्वर्ण पदक जीता। पवन कुमार ने सी3 क्लास की 15 किलोमीटर स्क्रैच में कांस्य पदक जीता। इंडोनेशिया के आदि रैमक और तिफान आबिद ने स्वर्ण, रजत जीते। जूनियर वर्ग में लड़कों की स्क्रैच इवेंट में सूरज यादव पांचवें स्थान और लड़कियों में जेपी धन्यधा सातवें स्थान पर रहीं।

# आईपीएल- 2024 में ऋषभ पंत करेंगें दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की आईपीएल 2024 में वापसी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर पार्थ जिंदल ने बड़ी जानकारी दी है। पार्थ जिंदल ने बताया है कि ऋषभ पंत आईपीएल के आने वाले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान होंगे, लेकिन पहले हाफ में वे सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। विकेटकीपर की जिम्मेदारी किसी अन्य खिलाड़ी को दी जाएगी।



हालांकि, बाद में वे विकेट के पीछे खड़े हो सकते हैं।

पार्थ जिंदल ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और टीम डायरेक्टर सौरव गांगुली सहित दिल्ली कैपिटल्स का कोचिंग स्टाफ ऋषभ पंत को लेकर आश्वस्त था। उन्होंने कहा, ऋषभ बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह रनिंग कर रहे हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग शुरू कर दी है। उनके आईपीएल के लिए पूरी तरह फिट होने की संभावना है। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि ऋषभ आईपीएल खेलेंगे और वह पहले मैच से ही कप्तानी करेंगे।

टीम के को-ओनर ने आगे बताया, पहले सात मैचों में हम उन्हें केवल एक बल्लेबाज के रूप में खिलाएंगे और उसका शरीर कैसी प्रतिक्रिया देता है, उसके आधार पर हम आईपीएल के बाकी मैचों के लिए फैसला करेंगे।

पंत ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वे विकेटकीपिंग ड्रिल्स ले रहे थे। इससे पहले वे एक वॉर्मअप मैच में बल्लेबाजी करते नजर आए थे। एक अन्य वीडियो में पंत दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

# एशियाई ट्रैक साइकिलिंग भारत का जलवा, पैरा साइकिलिस्टों ने दिलाए दो स्वर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय साइकिलिस्टों ने गुरुवार को एशियाई साइकिलिंग चैंपियनशिप के पैरा वर्ग में स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। जूनियर और सीनियर रायडर पदक जीतने में सफल नहीं रहे।

आईजी स्टेडियम वेलड्रोम में पैरा वर्ग के सी2 15 किलोमीटर स्क्रैच में भारत के अरशद शेख ने अपने ही साथी जलालुद्दीन अंसारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।




जलालुद्दीन को रजत मिला। वहीं पैरा वर्ग में ही महिलाओं की इवेंट में भारत की ज्योति गदेरिया ने स्वर्ण पदक जीता।

पवन कुमार ने सी3 क्लास की 15 किलोमीटर स्क्रैच में कांस्य पदक जीता। इंडोनेशिया के आदि रैमक और तिफान आबिद ने स्वर्ण, रजत जीते। जूनियर वर्ग में लड़कों की स्क्रैच इवेंट में सूरज यादव पांचवें स्थान और लड़कियों में जेपी धन्यधा सातवें स्थान पर रहीं।

# लंदन में जन्मे अकाय बनेगा ब्रिटिश नागरिक !

## विरुष्का का लाडला कहलाएगा ब्रिटिशियन



बॉलीवुड के प्यारे कपल अनुष्का शर्मा और विराट कोहली हाल ही में दूसरी बार माता-पिता बने। अनुष्का शर्मा ने 15 फरवरी को प्यारे से बेटे को जन्म दिया हालांकि इस खुशखबरी को कपल ने 20 फरवरी को फैंस के साथ शेयर किया।

कपल ने अपने लाडले का नाम अकाय रखा है। अनुष्का शर्मा ने अकाय को लंदन में जन्म दिया है जिसके बाद से ही ऐसी चर्चा होने लगी कि विरुष्का के लाडले को ब्रिटिश नागरिकता मिलेगी। आइए बताते हैं क्या अकाय ब्रिटिश नागरिक होंगे या उन्हें भारतीय नागरिकता मिलेगी। एक रिपोर्ट बताती है कि अकाय ब्रिटिश नागरिक नहीं हैं। नियम यह निर्धारित करते हैं कि यूके में पैदा होने से स्वचालित रूप (अपने आप ही) से नागरिकता नहीं मिल जाती है।

### ब्रिटिश नाकरिकता के लिए क्या है नियम

ब्रिटिश सरकार के नियमों के मुताबिक, वहां का नागरिक होने के लिए पैरेंट्स को कम से कम ब्रिटिश नागरिक होना चाहिए या फिर वो लंबे समय से वहां रहते हों। इस वजह से यूके के बाहर रहने वाले ब्रिटिश नागरिकों के बच्चों को अपने आप ही वहां की नागरिकता मिल जाती है।

अकाय के मामले में लंदन में जन्म और उसी शहर में उनके माता-पिता की प्रॉपर्टी होने के बावजूद उन्हें ब्रिटिश नागरिकता नहीं मिलेगी। हालांकि उनके पास यूके का पासपोर्ट होगा।

### अकाय कोहली को मिलेगी भारतीय नागरिकता

विराट और अनुष्का के मामले में दोनों में से कुछ भी नहीं है, इसलिए अकाय भारतीय नागरिक ही कहलाएंगे और उन्हें भारत की ही नागरिकता मिलेगी।



# लाहौर 1947 का हिस्सा बने अली

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म लाहौर 1947 बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म में सनी देओल के साथ कई दिग्गज सितारे दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इन दिनों लगातार फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल ही में अभिमन्यु सिंह और मोना सिंह के इस फिल्म में शामिल होने की खबर आई थी। वहीं अब एक और बॉलीवुड अभिनेता इस फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाने को तैयार है, जो अब फिल्म के कलाकारों में शामिल हो चुके हैं। दरअसल, वह अभिनेता अली फजल हैं। खबरें आ रही हैं कि लाहौर 1947 में अब अली फजल भी शामिल हो चुके हैं। कहा जा रहा है कि अली फजल इस फिल्म में सनी देओल के साथ अहम भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इससे पहले खबर आई थी कि अभिनेता अभिमन्यु सिंह फिल्म में शामिल हुए हैं।



# पैन इंडिया एक्ट्रेस राशि खन्ना धूम मचाने के लिए तैयार

दक्षिण भारतीय और हिंदी सिनेमा दोनों में अपनी प्रभावशाली भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध, बहुभाषी मार्वल राशी खन्ना की देशव्यापी प्रशंसा आगामी हिंदी एक्शन थ्रिलर, योद्धा में उनके सम्मोहक प्रदर्शन के साथ जारी है। सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों के साथ सहयोग करते हुए, राशि की यात्रा उनकी बहुमुखी प्रतिभा और प्रतिभा का उदाहरण देती है, जिससे भारतीय फिल्म उद्योग में एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। 15 मार्च को रिलीज़ होने वाली योद्धा में, राशी का चित्रण एक आकर्षण होने का वादा करता है, जैसा कि मनोरंजक टीज़र से पता चलता है जहाँ उसका चरित्र एक विमान अपहरण की गंभीर स्थिति का सामना करता है। थिरुचित्राबलम और सरदार में उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद यह उनके करियर में एक और मील का पत्थर है। धनुष, अजय देवगन और शाहिद कपूर जैसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बाद, राशि खन्ना की उपस्थिति ध्यान आकर्षित करती है। भाषाओं और शैलियों के बीच निर्बाध रूप से परिवर्तन करने की उनकी क्षमता उनकी बहुमुखी प्रतिभा और व्यापक अपील को रेखांकित करती है। जैसा कि दर्शक उत्सुकता से योद्धा की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, राशी का प्रक्षेप पथ लगातार बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना मंजूरी शुरू किए दो बीएससी कोर्स, डेंटल काउंसिल से मान्यता न मिलने से छात्र परेशान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एम्स दिल्ली ने बिना भारतीय दंत परिषद की अनुमति के बीएससी के दो डिग्री पाठ्यक्रम शुरू कर दिए। दोनों पाठ्यक्रम शुरू हुए करीब पांच साल हो चुके हैं, लेकिन डेंटल काउंसिल से इन पाठ्यक्रमों को मान्यता नहीं मिल पाई है। ऐसे में वर्ष 2018 से अभी तक एम्स के दोनों पाठ्यक्रमों में पढ़ाई पूरी कर चुके या इंटर्नशिप कर रहे 39 विद्यार्थियों का करियर अधर में लटका है। चौंकाने वाली बात यह है कि एम्स से पढ़ाई पूरी करने के बाद भी इन छात्रों का भारतीय दंत परिषद में पंजीकरण नहीं हो सका है। वे रोजगार के लिए भटक रहे हैं। इस मामले में अब छात्रों ने कोर्ट का रुख कर लिया है। मई 2022 में एम्स का पत्र मिलने के बाद भारतीय दंत परिषद ने इस मुद्दे पर 23 जून, 2022 को बैठक में इस पर फैसला लेते हुए एम्स के दोनों पाठ्यक्रमों को मान्यता देने से मना कर दिया था। भारतीय दंत परिषद ने भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग को लिखे पत्र में बताया कि उनकी परिषद के तहत ऐसे कोई पाठ्यक्रम सूची में नहीं है। दोनों डिग्री पाठ्यक्रमों को वर्ष 2016 में एम्स की अकादमिक समिति की बैठक में मंजूरी दी गई थी। इसके बाद 2018 में दाखिले शुरू हो गए, लेकिन एम्स को भारतीय दंत परिषद से अनुमति नहीं मिली। वर्ष 2022 में पहला बैच पूरा हुआ तो छात्रों को पता चला कि वे दंत परिषद में पंजीकरण नहीं कर सकते हैं। हिन्दुस्तान संवाददाता से बातचीत में एक छात्र ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि हमने एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से अपना डिग्री कोर्स पूरा कर लिया, लेकिन अभी तक वह कोर्स डेंटल काउंसिल की ओर से मान्य ही नहीं है। ऐसे में कई सालों की पढ़ाई के बाद भी रोजगार के लिए भटक रहे हैं। इस मुद्दे पर एम्स प्रशासन से उनका पक्ष लेने की कई बार कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### पालम एयरपोर्ट से फर्जी विंग कमांडर अरेस्ट, पुलिस-एजेंसियां कर रहीं पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पालम एयरपोर्ट पर 21 फरवरी को फर्जी सेवानिवृत्त विंग कमांडर गिरफ्तार किया गया। आरोपी भारतीय वायुसेना के परिसर में घुसने की कोशिश कर रहा था। शक होने पर सुरक्षाकर्मियों ने पहचान पत्र मांगा। दस्तावेज न दिखा पाने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और एयरफोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। इसके बाद दिल्ली कैंट थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से सशस्त्र बलों के पांच फर्जी आईडी कार्ड बरामद किए गए हैं। फिलहाल एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। भारतीय वायु सेना के अनुसार 21 फरवरी की दोपहर करीब 12.30 बजे 40 वर्षीय विनायक चड्ढा वायु सेना के पालम स्टेशन पहुंचा। जांच के लिए सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोका। आरोपी ने पहला सुरक्षा घेरा तो पार कर लिया था। दूसरी जांच के दौरान विनायक ने फर्जी पहचान पत्र दिखाया। जिसे देखकर उसे पकड़ लिया गया। वायुसेना के अधिकारियों ने आशंका जताई है कि आरोपी ने फर्जी पहचान पत्र के जरिए अन्य सेना परिसरों में भी दाखिल होने की कोशिश की है। वायुसेना के अधिकारियों ने उसकी जांच की मांग करते हुए कहा कि आरोपी इन दस्तावेजों का इस्तेमाल देश विरोधी काम के लिए करता है। सूत्रों की माने तो आरोपी रेकी करने के लिए परिसर में घुसने का प्रयास कर रहा था। गंभीर आरोपों के साथ अब दिल्ली पुलिस सहित केन्द्रीय जांच एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर रही है। इससे पहले अक्टूबर 2022 में आईजीआई एयरपोर्ट से एक फर्जी विंग कमांडर पकड़ा गया था। पुलिस को उसके पास से फर्जी एंट्री पास मिला था। जिसकी मदद से वह जब चाहे तब आईजीआई एयरपोर्ट के अंदर दाखिल हो सकता था। आरोपी फिरोज गांधी के घर से जांच टीम को एयरफोर्स से संबंधित कई चीजें मिली थीं। इसके अलावा 28 मुहर, एयरफोर्स से संबंधित कई कार्ड और विंग कमांडर की दो वर्दी भी मिली थी।

# सावधान! 29 स्टेशनों पर होती है चोरी; अपने सामान का रखें ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की लाइफलाइन मेट्रो से रोजाना लाखों लोग सफर करते हैं। मेट्रो में यात्रियों को साफ, आरामदायक और सुविधाजनक सफर मिलता है। मगर यहां कुछ लोग अपने गलत मकसद को पूरा करने भी आते हैं। चोरों और जेबकतरों के लिए मेट्रो ट्रेनें और स्टेशन एक ओपन फील्ड है, जहां वे लोगों को आसानी से अपना शिकार बना सकते हैं।

मेट्रो में चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच दिल्ली पुलिस ने एक क्राइम मैपिंग एक्सरसाइज की है। जिससे पता चला है कि ऐसे कई स्टेशन हैं जहां यात्री विशेष रूप से संवेदनशील हैं। यहां अतिरिक्त सावधानी बरतने से हजारों दिल्लीवासियों को अफसोस और मायूसी से बचाया जा सकता है। पुलिस ने 29 मेट्रो स्टेशनों पर कड़ी निगरानी करनी शुरू कर दी है जहां सबसे अधिक अपराध होते हैं। वारदातों पर रोक लगाने के लिए यहां सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। पिछले साल, इन क्राइम हॉटस्पॉट पर 3,000 से अधिक वारदातों की पुलिस को सूचना मिली थी।

पुलिस के मुताबिक, जिन स्टेशनों पर यात्रियों को अतिरिक्त सतर्क रहने की जरूरत है उनमें- वेलकम, कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, नई दिल्ली, अशोक पार्क मेन, पंजाबी बाग, कीर्ति नगर, करोल बाग, राजीव चौक, इंद्रलोक, जीटीबी नगर, जहांगीरपुरी, द्वारका मोर, जनकपुरी पश्चिम, नई दिल्ली एयरपोर्ट लाइन, द्वारका सेक्टर-21, हौज खास, छतरपुर, कुतुब मीनार, आईएनए, सरोजिनी नगर, सराय काले खान निजामुद्दीन, लाजपत नगर, गोविंदपुरी, कालकाजी मंदिर, आनंद विहार, यमुना बैंक, मंडी हाउस और लाल किला स्टेशन शामिल हैं

2023 में कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पहले नंबर पर रहा। यहां सबसे अधिक 1,003 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद राजीव चौक (418) और नई दिल्ली (385) का स्थान रहा। पुलिस के मुताबिक, स्टेशन परिसर में ज्यादातर अपराध चोरी, जेबकतरी और कार चोरी के थे। 2022 में इन 29 स्टेशनों से 1,811 मामले सामने आए थे। पिछले साल, सभी स्टेशनों पर कुल मिलाकर 5,709 चोरी की घटनाएं दर्ज की गईं। जिनमें 599 गिरफ्तारियां हुईं और 2,407 मामले सुलझाए गए। पिछले साल रिपोर्ट की गई 113 वाहन चोरी में से 96 को सुलझा लिया गया।



छेड़छाड़ के 22 मामलों में से 21 को सुलझाया गया और 24 लोगों को अरेस्ट किया गया। डीसीपी (मेट्रो) राम गोपाल नाइक मेट्रो स्टेशनों पर बेहतर स्थितियों को लेकर आशावादी है, उन्होंने क्राइम हॉटस्पॉट की पहचान की और वहां अपराध रोकने के लिए कदम उठाए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, मेट्रो पुलिस यूनिट के 15 स्टेशन हाउस अधिकारियों को उन स्टेशनों की पहचान करने का काम सौंपा गया था जहां आपराधिक घटनाएं होना आम बात थी। इसके अलावा यहां होने वाले अपराधों को वर्गीकृत करना था। इस तरह की मैपिंग एक्सरसाइज से हमें संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है।

## मर्सिडीज ने स्कूटर को मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत; चार साल की पोती की गंभीर हालत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका इलाके में बुधवार को एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने उनके स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे 70 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं उनकी चार साल की पोती गंभीर रूप से घायल हो गई है। चार साल की बच्ची का फिलहाल एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया और अब भी फरार है।

हिट एंड रन की यह दुर्घटना बुधवार दोपहर को घटित हुई जब एसबीआई बैंक के रिटायर मैनेजर अरुण कुमार द्वारका सेक्टर-18 में अपनी पोती को उसके स्कूल से लेने के बाद घर लौट रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार मर्सिडीज ने भागने से पहले उनके स्कूटर को पीछे से टक्कर मार दी। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इलाज के दौरान अरुण कुमार की मौत हो गई जबकि उनकी पोती की हालत गंभीर बताई जा रही है। अरुण के परिवार ने आरोप लगाया है कि पुलिस अपने रवैये में ढुलमुल रही है। क्योंकि वे अबतक मर्सिडीज कार की पहचान नहीं कर पाए और न ही आरोपी ड्राइवर तक नहीं पहुंच पाए है। इस बीच, पुलिस ने अज्ञात मर्सिडीज कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जो फरार है।

## कांग्रेस का नहीं छोड़ेंगे हाथ, चाहे केजरीवाल को भेज दो हवालात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार पर धमकी देने का आरोप लगाया है। आप ने कहा है कांग्रेस से गठबंधन करने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की धमकी दी जा रही है। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए दो टूक कहा कि कांग्रेस से गठबंधन होकर रहेगा, भले ही अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया जाए।

आप आप नेता और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अगले तीन-चार दिनों में गिरफ्तार करने की तैयारी है। उन्होंने कहा यह तैयारी सिर्फ राजनीतिक साजिश के तहत की जा रही है क्योंकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन होने जा रहा है, ये नहीं चाहते कि यह गठबंधन हो। अब जब यह गठबंधन पर आम सहमति बन गई है तो उन्हें सीबीआई के जरिए अरेस्ट करने की तैयारी चल रही है।



सौरभ ने कहा, हमें सूचना मिली है कि अगर हम गठबंधन छोड़ दे तो गिरफ्तारी नहीं होगी। हम भाजपा और केंद्र सरकार को बताना चाहते हैं कि आप अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहें तो कर लें, केजरीवाल और कांग्रेस का अलायंस इंडिया गठबंधन के अंदर होने जा रहा है। यह टूटने वाला नहीं है। वहीं, आप सांसद संदीप पाठक ने कहा यह नई राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए भाजपा ने अपनी रणनीति बदली है भाजपा को लगता था आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा। पाठक ने कहा कि अब जबकि देश हित में दोनों दलों ने गठबंधन करने का फैसला कर लिया है तो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें सीआरपीसी 41 ए के तहत नोटिस जारी किया जा रहा है। जाहिर सी बात है और संभव है कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार भी कर लिया जाए। पाठक ने कहा कि यदि केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया तो देशभर में लोग सड़कों पर निकल आएंगे। हम गिरफ्तारी और धमकी से नहीं डरने वाला हैं। आप नेता आतिशी ने कहा हमें यह अंदेशा पहले से था कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया सकता है। यही वजह है कि ईडी की तरफ से अब तक सात नोटिस भेजे जा चुके हैं, ईडी खुद कोर्ट गई लेकिन वहां अभी फैसला नहीं हुआ तो कानूनी अड़चन आ गई। इसलिए अब केंद्र सरकार सीबीआई के जरिए अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेज कर गिरफ्तार करने की तैयारी में आतिशी ने कहा, संभव है कि आज या कल तक सीबीआई से अरविंद केजरीवाल को नोटिस भी मिल जाए। लेकिन भाजपा को बताना चाहते है कि हम डरने वाले नहीं हैं।

### नए संकट की ओर पाकिस्तान इमरान खान ने की आईएमएफ का कर्ज रुकवाने की तैयारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पहले आर्थिक संकट और चुनाव में धांधली के आरोपों में घिरे पाकिस्तान पर एक और संकट छाने के आसार हैं। खबर है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ या आईएमएफ के संस्थापक इमरान खान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को पत्र लिखने की तैयारी कर रहे हैं। इसके जरिए इमरान मांग उठाएंगे कि चुनाव के ऑडिट के बाद ही पाकिस्तान को लोन जारी किया जाए।

हाल ही में पीटीआई नेता अली जफर ने जेल में इमरान से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पाकिस्तान में हुई चुनाव धांधली के बारे में आईएमएफ को बताया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि जनादेश को चुरा लिया गया, क्योंकि जो लोग 8 फरवरी की रात को हार रहे थे, उन्हें अगले दिन 8 फरवरी को विजेता घोषित कर दिया गया।

जफर का कहना है कि इस पत्र के जरिए पीटीआई चुनाव में धांधली की जांच के लिए स्वतंत्र ऑडिट टीम भेजे और इसके बाद कर्ज जारी करे। जफर का कहना है कि यूरोपीय संघ और अन्य संगठनों का चार्टर है कि किसी देश को कर्ज देने के लिए वहां का शासन अच्छा होना जरूरी है। उन्होंने कहा, चुनाव से पहले हुई धांधली को तो छोड़िए। चुनाव के बाद हुई छेड़छाड़ के जरिए पीटीआई के जीत रहे उम्मीदवारों से जीत छीन ली गई। पाकिस्तान को आईएमएफ से 3 बिलियन डॉलर का लोन मिला था। इधर, लंबी गहमागहमी के बाद पाकिस्तान में पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन की सरकार बनाने के लिए तैयार हो गए हैं। तय सियासी डील के तहत पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएम उम्मीदवार बनाया जाएगा।

## भारतीय अमेरिकी छात्र अकुल को अमेरिकी नाइट क्लब में प्रवेश करने से रोका, ठंड के कारण हुई मौत

**वॉशिंग्टन , एजेंसी।** पिछले महीने इलिनोइस विश्वविद्यालय में 18 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र अकुल धवन दोस्तों के साथ नाइट आउट के दौरान एक क्लब के पास जमने के कारण मौत हो गई। इस घटना की जानकारी पुलिस ने दी।

वहीं, पुलिस के अनुसार अकुल बी. धवन देर रात डेढ़ बजे के करीब लापता हो गया था और लगभग 10 घंटे बाद इलिनोइस यूनिवर्सिटी के कैंपस के पास एक इमारत के बरामदे में मृत पाया गया। हालांकि, उसकी मौत का सटीक कारण जानने के लिए कैंपस पुलिस जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, उन्हें क्लब में प्रवेश करने से मना कर दिया था। धवन के माता-पिता का मानना था कि बुसे-इवांस रेजिडेंस हॉल के पास कोई तलाशी नहीं ली गई और विश्वविद्यालय पुलिस ने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इलिनोइस विश्वविद्यालय पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

धवन के माता-पिता ने द न्यूज गजट में जारी एक खुले पत्र में कहा, माता-पिता के रूप में, हमें जवाब चाहिए।



हमने यूआई पुलिस में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की है। हमारे पास विश्वविद्यालय के अधिकारियों और पुलिस से निम्नलिखित प्रश्न हैं- पुलिस का कहना है कि उन्होंने सुबह 2-09 बजे बुसे-इवांस रेजिडेंस हॉल के आसपास तलाशी ली थी।

31 जनवरी को, इलिनोइस विश्वविद्यालय अर्बाना-शैंपेन ने कहा कि पुलिस इलिनोइस विश्वविद्यालय अर्बाना-शैंपेन के छात्र अकुल धवन की 20 जनवरी की मौत के आसपास की परिस्थितियों की जांच हो रही है।

पुलिस ने कहा कि अब तक एकत्र की गई जानकारी से पता चलता है कि मौत आकस्मिक थी और कोई साजिश नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि धवन को 20 जनवरी को सुबह लगभग 11-08 बजे (स्थानीय समय) वेस्ट नेवादा स्ट्रीट, अर्बाना के 1200 ब्लॉक में मृत पाया गया था।

बयान में कहा गया है कि एक दोस्त जिसका धवन से संपर्क टूट गया था, उसने देर रात 1-23 बजे (स्थानीय समयानुसार) पुलिस को फोन किया और जांचकर्ताओं ने उस कॉल पर पुलिस की प्रतिक्रिया की समयरेखा साझा की है। 2024 में, भारतीय और भारतीय अमेरिकी मूल के सात युवकों की विभिन्न परिस्थितियों में असामयिक मृत्यु हो गई, जिनमें संदिग्ध आत्महत्या और अधिक मात्रा में सेवन से लेकर हिंसक कृत्य तक शामिल थे।

### पूर्व नौकरशाह चुनाव में धांधली के आरोप से पलटे, अपने दावों को लेकर जताई शर्मिंदगी

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह लियाकत अली चट्ठा गुरुवार को अपने बयान से पलट गए। पूर्व नौकरशाह ने आरोप लगाया था कि रावलपिंडी से 13 प्रत्याशियों को जबरन विजेता घोषित किया गया।

उन्होंने कहा है कि वह अपने दावों पर अत्यंत शर्मिंदा हैं। जियो न्यूज के अनुसार रावलपिंडी के पूर्व कमिशनर लियाकत ने कहा, मैं अपने काम की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई के लिए स्वयं को अधिकारियों के सामने समर्पित करता हूं।

घटनाक्रम पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर चुनाव को विवादास्पद बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। पार्टी ने एक एक्स पोस्ट में कहा, पीटीआइ (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) को शर्म आनी चाहिए। हर दुष्प्रचार के पीछे पीटीआइ ही है। चुनाव को विवादास्पद बनाकर उन्होंने पाकिस्तान की छवि खराब की।

लियाकत ने शनिवार को चुनाव में हेराफेरी की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि वह इन सभी गलत कार्यों की जिम्मेदारी लेते हैं और इसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश भी पूरी तरह से शामिल हैं।

## अमेरिकी कांग्रेस का चुनाव लड़ रहीं कश्मीरी क्रिस्टल कौल, बोलीं- सिख मूल्यों में मेरा गहरा विश्वास

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की क्रिसटल कौल, अमेरिकी कांग्रेस का चुनाव लड़ रही हैं। क्रिस्टल कौल एक रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की जानकार हैं। एक हालिया इंटरव्यू में क्रिस्टल ने कहा कि उनका एकता के सिख मूल्यों में गहरा विश्वास है और उनकी इच्छा है कि वे समाज के लिए कुछ करें। क्रिस्टल कौल ने कहा कि मैं आधी कश्मीरी पंडित और आधी पंजाबी सिख हूं। मुझे अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व है।

**नौ भाषाएं जानती हैं क्रिस्टल कौल**

क्रिस्टल कौल नौ भाषाएं जानती हैं, जिनमें अंग्रेजी, हिंदी, ऊर्दू, पंजाबी, स्पैनिश, इटैलियन, अरबी, दारी और कश्मीरी भाषा शामिल हैं। क्रिस्टल कौल अमेरिका के वर्जीनिया जिले की 10वीं कांग्रेसनल सीट से चुनाव लड़ रही हैं। कौल ने बताया कि वह अपनी नानी विमल चड्ढा मलिक के साथ न्यूयॉर्क के ग्लेन कोव गुरुद्वारे जातीं थी, जहां वे लंगर में सेवा करतीं थी। मैंने सिख परंपरा के बारे में बहुत सीखा है और सिख मूल्यों की एकता की भावना से मैं बहुत प्रभावित हूं।

क्रिस्टल ने कहा कि उन्हें अपने हिंदू और सिख, दोनों होने पर गर्व है और उन्हें इस बात की खुशी है कि वे एकमात्र सिख महिला हैं, जो यूएस कांग्रेस का चुनाव लड़ रही हैं। क्रिस्टल ने अमेरिकी संसद के लिए चुने गए पहले भारतीय सिख दलीप सिंह सौंद को भी याद किया और कहा कि उन्होंने ही भारतीय मूल के लोगों के लिए राजनीति के द्वार खोले थे। अभी यूएस कांग्रेस में भारतीय मूल के पांच सांसद हैं, जिनमें डॉ. एमी बेरा, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। ये सभी लोग अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सदस्य हैं।



**ज्यादा संख्या में भारतीयों को राजनीति में आने की जरूरत**

क्रिस्टल कौल ने कहा कि आज भारतीय अमेरिकी समुदाय काफी तरक्की कर रहा है और हम शिक्षा, व्यापार, इंजीनियरिंग और आईटी, मेडिसिन जैसी क्षेत्रों में काफी आगे हैं, लेकिन हमें राजनीति में भी प्रतिनिधित्व की जरूरत है क्योंकि अभी भी अमेरिका में सिखों के खिलाफ काफी भेदभाव होता है, जो कि काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं चाहती हूं कि हमारे लोग यूएस कांग्रेस पहुंचे और जब वहां से लोगों को जागरुक किया जाएगा तो लोग हमारी बात सुनेंगे और बदलाव आएगा। क्रिस्टल कौल ने कहा कि उनका चुनाव प्रचार बढ़िया चल रहा है और उनके पास करीब 5,67,000 डॉलर का अच्छा खासा फंड है। साथ ही उनकी टीम भी बढ़ रही है। क्रिस्टल ने बताया कि उनकी प्रचार टीम में भारतीय मूल के लोग और खासकर लड़कियां शामिल हैं। इनके अलावा अन्य कई समुदायों के लोग भी उनके साथ जुड़े हुए हैं। क्रिस्टल ने उम्मीद जताई कि उनके यूएस कांग्रेस के लिए चुने जाने की पूरी उम्मीद है।

### रूस ने पश्चिम को याद दिलाई परमाणु क्षमताएं, राष्ट्रपति पुतिन ने घातक बमवर्षक विमान में भरी उड़ान

**मास्को , एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को आधुनिक टीयू-160एम परमाणु सक्षम बमवर्षक विमान में उड़ान भरी। पुतिन ने यह उड़ान यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में मौत के मुद्दों पर पश्चिम के साथ मतभेद के बीच भरी। माना जा रहा है कि पुतिन ने यह कदम पश्चिम को मास्को की परमाणु क्षमताएं याद दिलाने के लिए उठाया। रूस की सरकारी टीवी में कजान स्थित फैक्ट्री के रनवे से विशाल विमान को उड़ान भरते दिखाया गया। रूस की सरकारी ताश न्यूज एजेंसी ने क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि विमान का उड़ान पथ सैन्य रहस्य था लेकिन पुतिन विमान में तकरीबन 40 मिनट रहे होंगे। बता दें कि चार चालक दल वाला टीयू-160 एम विमान 12 क्रूज मिसाइलों और 12 कम दूरी की न्यूक्लियर मिसाइलें ले जाने में सक्षम है और यह एक बार में 12 हजार किमी (7500 मील) की उड़ान भर सकता है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पताः- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।